जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 182 ● कटनी ● बुधवार, 3 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास शुक्ल पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

जबलपुर नगर निगम के सहायक यंत्री के घर पर ईओडब्ल्यू का छापा

आलीशान घर, लग्जरी कारें और करोड़ों की संपत्ति उजागर

जबलपुर यश भारत।आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो जबलपुर की टीम ने नगर निगम के सहायक यंत्री आदित्य शुक्ला घर पर छापामार कार्रवाई करते हुए अहम दस्तावेज जप्त किए हैं। टीम के पहुंचते ही शुक्ला के घर पर हड़कंप मच गया। सुबह अब तक की सर्च कार्रवाई में सहायक यंत्री के पास आलीशान घर, लग्जरी कारें, भूखंड सहित करोड़ों की संपत्ति का पता चला है।

ईओडब्ल्यू एसपी देवेंद्र प्रताप सिंह राजपूत ने बताया कि आय से अधिक मामले की शिकायत की जांच के बाद सुबह 6ः00 बजे ईओडब्ल्यू जबलपुर एवं सागर की टीम द्वारा नगर निगम के सहायक यंत्री आदित्य शुक्ला के घर पर सर्च कार्रवाई शुरू की गई है। अब तक की कार्रवाई में सहायक यंत्री शुक्ला के पास रतन नगर में 3900 वर्ग फीट का भूखंड, 15 वर्ग फीट पर बना आलीशान मकान, तीन लग्जरी वाहन, बैंक में जमा छह लाख 40 हजार रुपए का पता चला है। कार्रवाई जारी है।आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को प्राप्त शिकायत का गोपनीय सत्यापन उप निरीक्षक विशाखा तिवारी प्रकोष्ठ इकाई, जबलपुर से कराया गया। गोपनीय सत्यापन में आये साक्ष्यों के आधार पर अपनी सेवा अवधि के दौरान सहायक यंत्री श्री शुक्ला को वैध स्त्रोतों से प्राप्त आय की तुलना में उनके द्वारा किये गये व्यय एवं अर्जित संपत्ति 203 प्रतिशत होना पाया गया। अतः धारा 13 (1) बी, 13 (2) भ्रनिअ . 1988 संशोधित अधिनियम, 2018 के अंतर्गत् अपराध क्रमांक –75 / 22 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना निरीक्षक स्वर्णजीत सिंह धामी, प्रकोष्ठ इकाई, जबलपुर के द्वारा की जा रही है। विवेचना के दौरान दिनांक 3/8 / 2022 को विधिवत् मान न्यायालय से सर्च वारंट प्राप्त कर प्रातः आरोपी के निवास स्थान रतन नगर, जबलपुर में प्रकोष्ठ इकाई, जबलपुर एवं सागर की संयुक्त टीम द्वारा सर्च कार्यवाही प्रारंभ की गई जो जारी है। अभी तक प्राप्त साक्ष्यानुसार आरोपी द्वारा निम्नलिखित संपत्ति अर्जित करना पाया FINA गया ़ 1 2 3 4 +66 166 5 8 भू ङ्क खण्ड ए –16, रतन नगर 3900 वर्ग फुट, उपरोक्त भू ङ्क खण्ड पर आलीशान भवन का निर्माण, पैतृक भू – खण्ड बी 43 रतन नगर (1500 वर्ग फुट) पर पुराने मकान को तोड़कर नवीन आलीशान मकान का निर्माण, किया करेंस कार, एमपी –20 सीएम 6574, किया सेल्टास कार एमपी –20 सीएल 2490, मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार एमपी –20 सीई 1682, बुलेट मोटर साइकिल एमपी –20 एमजेड 6761, स्कूटी सुजुकी एक्सेस एमपी –20 एसयू 1437 बैंक में जमा राशि लगभग 6,40,000 / ङ्क रूपये। सर्च कार्यवाही में प्राप्त दस्तावेजों एवं साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के द्वारा अर्जित संपत्ति एवं व्यय का आकलन किया जाएगा। सर्च कार्यवाही निरीक्षक स्वर्णजीत सिंह धामी, निरीक्षक श्रीमति उमा नवल आर्य, निरीक्षक श्रीमति प्रेरणा पाण्डेय, उप निरीक्षक श्रीमति विशाखा तिवारी, उप निरीक्षक श्रीमति फरजाना परवीन, उप निरीक्षक गोविंद यादव एवं अन्य सदस्यों द्वारा की जा रही है।

रेड के दौरान क्लर्क ने जहर पीया हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया

भोपाल,यशभारत। भोपाल में भी आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) का छापामारा है। भोपाल में मेडिकल डिपार्टमेंट में क्लर्क के घर EOW ने रेड की। भोपाल के बैरागढ़ में कार्रवाई के दौरान क्लर्क हीरो केसवानी ने जहर पी लिया। उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। क्लर्क सतपुड़ा भवन में पदस्थ है। आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर EOW ने कोर्ट से ऑर्डर लेने के बाद उसके घर छापा मारा है।

चीन ने ताइवान पर 6 तरफ से शुरू की बारूद की बारिश

नैंसी पेलोसी ने भी किया पलटवार, तनाव चरम पर

बीजिंग/ताइपे,एजेंसी। चीन की तमाम धमकियों को दरकिनार करते हुए अमेरिकी संसद की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के ताइवान पहुंचने पर ड्रैगन बुरी तरह से भड़क गया है और ताइवान की चारों तरफ घेरेबंदी कर दी है। चीन की सेना ने डराने के लिए अभ्यास के नाम पर ताइवान के चारों ओर 6 जगहों से मिसाइलों और गोला बारूद की बारिश शुरू कर दी है। चीन की सेना के पूर्वी थिएटर कमांड ने बुधवार अल सुबह से ही ज्वाइंट मिलिट्री ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इस बीच चीन की धमकियों से बेपरवाह नैंसी पेलोसी ताइवान की संसद पहुंच गई हैं। उन्होंने ताइवानी संसद में दिए अपने भाषण में तियामेन स्क्वायर नरसंहार का जिक्र करके चीन सरकार पर जोरदार हमला बोला है।

पेलोसी ने कहा किअमेरिका इस इलाके में शांति के लिए आया है और ताइवान का पूरा समर्थन करेगा। पेलोसी ने कहा कि ताइवान का अच्छा मित्र बताए जाने पर वह बहुत सम्मानित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ताइवान आने के उनके तीन मुख्य उद्देश्य हैं। पहला है सुरक्षा, सुरक्षा हमारे लोगों के लिए वैश्विक सुरक्षा के लिए। दूसरा अर्थव्यवस्था जितना अधिक से अधिक हो सके समृद्धि का प्रसार है। और तीसरा सुशासन। उन्होंने कहा कि दोनों संसदों के बीच अब और ज्यादा संवाद होगा और इसके लिए विशेष तरीके निकाले जाएंगे।

पेलोसी उन तीन अमेरिकी अधिकारियों में शामिल हैं जिन्होंने चीनी की ओर से नरसंहार के बाद साल 1991 में तियेमान स्क्वायर का दौरा किया था। पेलोसी ने चीन के व्यापार में धौंस दिखाने और तकनीक के ट्रांसफर पर चिंता जताई। पेलोसी पिछले 25 साल में अमेरिका की ओर से आई सबसे शीर्ष अधिकारी हैं। इस बीच चीन की सेना पीएलए ने ताइवान के चारों ओर 6 जगहों से अपने लाइव फायर ड्रिल और टारगेटेड मिलिट्री ऑपरेशन को शुरू कर दिया है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने इसकी जानकारी दी है।

तिरंगा बाइक रैली में विपक्ष का एक भी सांसद नहीं

भाजपा का बड़ा आरोप

नई दिल्ली एजेंसी। केंद्र सरकार, भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर व्हर घर तिरंगाज अभियान की जोर–शोर से तैयारी कर रही है। आजादी का अमृत महोत्सवज के अंतर्गत सभी राज्यों में 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच हर घर पर चतिरंगाज फहराया जाएगा। लेकिन इससे पहले आज सभी सांसदों ने तिरंगा बाइक रैली निकाली। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने लाल किले से विजय चौक तक व्हर घर तिरंगाज बाइक रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में कई केंद्रीय मंत्रियों ने भी भाग लिया। समाचार एजेंसी एएनआई ने इस रैली का वीडियो भी जारी किया है जिसमें देखा जा सकता है कि स्मृती ईरानी अपनी स्कूटी पर तिरंगा लहराते सबसे आगे दिख रही हैं। इसके अलावा इस रैली में केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी भी दिखीं।इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि तिरंगा बाइक रैली में विपक्ष का एक भी सांसद शामिल नहीं हुआ।

साध्वी ऋतम्भरा के आश्रम की 4 बच्चियों की मौत

3 महीने बाद पुलिस ने दर्ज किया केस आदिवासियों ने किया था आंदोलन

खंडवा,एजेंसी। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में ओम्कारेश्वर स्थित साध्वी ऋतम्भरा के आश्रम स्टाफ के खिलाफ थाना मांधाता में मामला दर्ज किया गया है। 20 अप्रैल को साध्वी ऋतम्भरा के परम शक्ति पीठ आश्रम की चार आदिवासी बच्चियों की नहर में डूबने से मौत हो गई थी। इसी मामले में पुलिस ने आश्रम स्टाफ को दोषी मानते हुए लगभग 3 माह बाद कार्रवाई की हैं। आश्रम स्टाफ पर पुलिस ने धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया है।खंडवा के ओम्कारेश्वर में कोठी ग्राम में स्थित साध्वी ऋतम्भरा के परम शक्ति पीठ आश्रम में लगभग 3 माह पूर्व चार आदिवासी बच्चियों की नहर में डूबने से मौत हो गई थी।

ED, CBI का दुरुपयोग कर रही है सरकार :खड़गे

नई दिल्ली,एजेंसी। संसद के मानसून सत्र का आज 13वां दिन है। भारी हंगामे के बाद लोकसभा की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया था। इधर, राज्यसभा में विपक्ष के ED, CBI, इनकम टैक्स के इस्तेमाल पर सवाल उठाया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार ED, CBI, इनकम टैक्स का गलत इस्तेमाल कर रही है। देश में इंडिपेंडेंट ऑटोनॉमस बॉडीज का दुरुपयोग हो रहा है। विपक्ष के नेता कहा कि सरकार राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ भेदभाव कर रही है। लोकतांत्रिक सरकार को गिराने का काम कर रही है।

कर्नाटक में लैंडस्लाइड, 6 की मौत

कन्नड़,एजेंसी। कर्नाटक के कन्नड़ जिले में दो अलग–अलग जगहों पर हुई लैंडस्लाइड के चलते 6 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कन्नड जिले के भटकल तालुका में लैंडस्लाइड में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना दक्षिण कन्नड जिले के सुब्रमण्य में हुई, जहां दो बहनों के शव एक दूसरे के हाथ पकड़े हुए मिले। दो बहनों की मौत उनके घर पर पहाड़ का एक हिस्सा गिरने से हुई।

आंध्र के अच्युतपुरम में कैमिकल कंपनी में गैस का रिसाव

अच्युतपुरम ,एजेंसी। आंध्र प्रदेश के अच्युतपुरम जिले में कैमिकल फैक्टरी में गैस रिसाव होने के बाद 50 महिला कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कुछ ही हालत गंभीर बताई गई है। जानकारी के मुताबिक, हादसा ब्रेंडिक्स स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एसईजेड) स्थिति कपड़े बनाने वाली क्वांटम सीड्स में हुआ।अंकापल्ले के पुलिस निरीक्षक के अनुसार, च्घटना शाम 6ः15 बजे से शाम 7 बजे के बीच हुई। दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे के बीच दूसरी पाली में करीब 1000 कर्मचारी काम कर रहे थे। उल्टी और मतली की शिकायत करने वाली 50 महिलाओं को अंकापल्ले अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।पुलिस के अनुसार, अच्युतपुरम स्थित कंपनी में गैस रिसाव की सूचना के बाद कुछ महिलाएं बीमार पड़ गईं। उनमें से कुछ को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तत्काल पूरा एरिया करव कर लिया और परिसर के अंदर प्रवेश बंद कर दिया।पुलिस अधिकारी ने कहा, च्अन्य कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है। कर्मचारी हल्के लक्षणों के साथ बीमार पड़े है और उनका इलाज चल रहा है। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।ज गैस रिसाव की घटना की मेडिकल जांच की जा रही थी। हालांकि, फिलहाल प्लांट से गैस की गंध नहीं आ रही है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।इसी साल 3 जून को भी यहां इसी तरह की घटना हुई थी जहां 200 से ज्यादा महिला कर्मी आंखों में जलन, जी मिचलाने और उल्टी की शिकायत के बाद बेहोश हो गई थीं। ताजा घटना से सेज में कामगारों में दहशत फैल गई है।

50 महिला वर्कर अस्पताल में भर्ती, कई की हालत नाजुक

धरती पर बड़ी आफत का अंदेशा

टकराएगा सौर तूफान, दुनिया में हो सकता है ब्लैकआउट

वाशिंगटन ,एजेंसी। धरती पर बड़ी आफत आ सकती है। क्योंकि सूर्य के वायुमंडल में एक छेद से तेज गति वाली सौर हवाएं आज (3 अगस्त) पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकरा सकती हैं। इससे एक मामूली जी–1 भू–चुंबकीय तूफान शुरू होने का अंदेशा है। भू–चुंबकीय तूफान से रेडियो सिग्नल में मुश्किल आ सकती है जिससे रेडियो संचालकों को भी व्यवधान का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा जीपीएस इस्तेमाल करने वाले भी दिक्कतें महसूस कर सकते हैं। सौर तूफान का असर मोबाइल फोन के सिग्नल पर भी हो सकता है, इसी के साथ पावर ग्रिड पर भी इसका असर हो सकता है, जिससे ब्लैकआउट का भी खतरा है। इसी वजह से इस तूफान को लेकर काफी चिंता जताई जा रही है।कोरोनल होल सूर्य के ऊपरी वायुमंडल में ऐसे क्षेत्र होते हैं जहां हमारे तारे की विद्युतीकृत गैस (या प्लाज्मा) ठंडी और कम सघन होती है। ऐसे छेद भी होते हैं जहां सूर्य की चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं, अपने आप में वापस लूप करने के बजाय, अंतरिक्ष में बाहर की ओर बीम करती हैं। सैन फ्रांसिस्को में एक विज्ञान संग्रहालय, एक्सप्लोरेटोरियम के अनुसार, यह सौर सामग्री को 1.8 मिलियन मील प्रति घंटे (2.9 मिलियन किलोमीटर प्रति घंटे) की गति से यात्रा करने वाली एक धार में बढ़ने में सक्षम बनाता है।स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर के अनुसार, सूर्य से निकलने वाला मलबा या कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) आमतौर पर पृथ्वी तक पहुंचने में लगभग 15 से 18 घंटे लगते हैं।

नेपाल–बांग्लादेश बॉर्डर में मुस्लिम आबादी 32 प्रश बढ़ी

नई दिल्ली,एजेंसी। यूपी और असम में इंटरनेशनल बॉर्डर से लगते जिलों में पिछले सिर्फ 10 साल में अप्रत्याशित डेमोग्राफिक (जनसांख्यिक) बदलाव हुआ है। ग्राम पंचायतों के ताजा रिकॉर्ड के आधार पर यूपी और असम की पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को अलग–अलग रिपोर्ट भेजी हैं। दोनों ही रिपोर्ट में कहा गया है कि बॉर्डर के साथ लगते जिलों में मुस्लिम आबादी 2011 के मुकाबले 32प्रश तक बढ़ गई है, जबकि पूरे देश में यह बदलाव 10प्रशसे 15प्रश के बीच है।

हिमालय की झीलें अब नहीं बनेंगी तबाही का कारण

उत्तराखंड में ग्लेशियर और झीलों में सेंसर रिकॉर्डर लगाए जा रहे

,एजेंसी। हिमालय क्षेत्र की झीलें अब तबाही का कारण नहीं बनेंगी। केदारनाथ घाटी आपदा के बाद वाडिया हिमालय भू–विज्ञान संस्थान ने उत्तराखंड के सभी ग्लेशियर और आसपास की झीलों में सेंसर रिकॉर्डर लगाने शुरू कर दिए हैं। 329 झीलों में से 70प्रश पर काम पूरा हो चुका है। केदारनाथ घाटी आपदा की मुख्य वजह केदारनाथ मंदिर से कुछ किलोमीटर ऊपर बनी चोराबाड़ी झील थी। झील में 16 जून 2013 की रात ग्लेशियर से हिमस्खलन हुआ था।इसका पानी तबाही मचाते हुए नीचे उतरा और हजारों लोगों की मौत हो गई। आपदा के बाद वाडिया संस्थान ने सभी ग्लेशियर झीलों का सर्वे किया। इसमें 329 झीलें संवेदनशील मिलीं। इनमें सेंसर लगाए जा रहे हैं। 70त्न झीलों में सेंसर लग चुके हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. कलाचंद बताते हैं कि सेंसर फिलहाल 'मोरन डेम लेक' में लगाए जा रहे हैं।सेंसर लगाने से यह फायदा होगा कि जैसे ही झील का जलस्तर ब ?गा, बादल फटेगा या हिमस्खलन होगा, संस्थान के कंट्रोल रूम को सिग्नल मिल जाएंगे।



टहलते हुए पटरियों के बीच सो गया

ऊपर से गुजर गई ट्रेन

खरोंच तक नहीं आई

गढ़वा,एजेंसी। गढ़वा में नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के पुरैनी के रहने वाले 30 साल के शहजाद आलम उर्फ पप्पू आलम के ऊपर से सोमवार रात एक बजे पूरी ट्रेन गुजर गई लेकिन उसके शरीर में खरोंच तक नहीं आई। वह इस हादसे के बाद काफी सदमे में है। बताया जा रहा है कि वो टहलते हुए रेल की पटरियों के बीच सो गया था। उसके ऊपर से ट्रेन भी गुजर गई, लेकिन उसे खरोंच तक नहीं आई। सोमवार रात हावड़ा से भोपाल जानेवाली एक्सप्रेस के चालक ने नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन को सूचित किया कि सोनवर्षा गांव में पोल संख्या 47/2 के समीप दोनों रेलवे लाइन के बीच में एक युवक पड़ा हुआ है। उसके ऊपर से ट्रेन गुजर गई। सबको लगा कि ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई है। आरपीएफ जवानों ने देखा कि वह युवक दोनों पटरियों के बीच सोया हुआ है। वह जिंदा है और शरीर में खरोंच तक नही आई थी।घटना के बाद वह सदमे में था। उसके बाद 108 पर फोन कर वहां एंबुलेंस बुलाया गया। उसके बाद उसे अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि युवक काफी देर से टहल रहा था। एक्सप्रेस से पहले दो मालगाड़ी भी उस ट्रैक से गुजरी थी। अंदेशा है कि एक्सप्रेस के अलावा मालगाड़ी भी उसके ऊपर से निकली थी।

सुप्रीम कोर्ट में शिवसेना पर सुनवाई शुरू

सिब्बल बोले– विधायक नई पार्टी बनाएं या किसी में विलय करें

CJI ने पूछा– मतलब भाजपा में शामिल हों

नई दिल्ली,एजेंसी। महाराष्ट्र में 54 दिन से जारी सियासी संकट पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट की ओर से दाखिल 5 याचिकाओं पर सुनवाई शुरू हो गई है। चीफ जस्टिस एनवी रमना ने सबसे पहले पूछा कि क्या सभी पक्षों ने मामले से जुड़े कानूनी सवालों का संकलन जमा करा दिया है। इस पर राज्यपाल के वकील सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता– मैं अभी जमा करवा रहा हूं। सबसे पहले उद्धव कैंप के वकील कपिल सिब्बल ने कहा– अगर 2 तिहाई विधायक शिवसेना से अलग होना चाहते हैं, तो उन्हें किसी से विलय करना होगा या नई पार्टी बनानी होगी। वह नहीं कह सकते कि वह मूल पार्टी हैं। CJI ने पूछा कि मतलब आप कह रहे हैं कि उन्हें BJP में विलय करना चाहिए था या अलग पार्टी बनानी थी। सिब्बल बोले– कानूनन तो यही करना था।

शुभांक -1-2-6

जिले में 40 से अधिक स्कूल भवन जर्जर

सरकारी शिक्षा की हालत ठीक नहीं मजबूरी में अभिभावक और छात्र निजी विद्यालय की ओर कर रहे रूख

कटनी, यशभारत। जिले में सरकारी शिक्षा की हालत ठीक नहीं कही जा सकती, यही कारण है कि अभिभावक और छात्र निजी विद्यालय की ओर रूख करते हैं। यहां पर स्कूलों के हाल यह हैं कि छात्रों के ऊपर हमेशा खतरा मंडराता रहता है। इसमें बरगवां स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल यही हाल शहर के साधूराम स्कूल का भी है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों की भी हालत खराब है। बहोरीबंद बाकल के खम्हरिया में हादसे के बाद जिला प्रशासन ने अपील की है कि जर्जर भवनों में शाला का संचालन न किया जाए लेकिन स्कूलों के पास कोई विकल्प ही नहीं है। स्थिति यह है कि इन जर्जर भवनों में छात्र बैठने के लिए मजबूर हो रहे हैं। जिला प्रशासन ने अपने जारी आदेश में कहा है कि जीर्ण-शीर्ण व जर्जर शाला भवनों में कक्षाओं का संचालन न किया जाए। जिला शिक्षाधिकारी पीपी सिंह ने सभी विकासखंड शिक्षाधिकारी, प्राचार्य व बीआरसी को निर्देश दिए हैं कि जर्जर शाला भवनों में कक्षाएं संचालित न हों, इसके लिए सभी शाला प्रमुखों को निर्देश जारी करें। उन्होंने कहा है कियदि ऐसे भवनों में कक्षा संचालन के समय कोई अप्रिय घटना होती है तो संबंधित शाला प्रमुख के खिलाफ जवाबदेही तय की जाएगी। इसके साथ ही जिन विद्यालयों के भवन जीर्ण-शीर्ण व जर्जर हैं, उनकी सूची 7 दिवस में प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए हैं हालांकि वह सूची अभी नहीं मिली है फिर भी शिक्षा विभाग खुद ही यह बात मान रहा है कि जिले में करीब 40 भवन ऐसे हैं जिनकी हालत अत्यंत खराब है।

प्लास्टर गिरने से 8 छात्रों के घायल हो गए थे

हाल में ही जिले के बाकल के खम्हरिया में प्लास्टर गिरने से 8 छात्रों के घायल हो गए थे। इसके बाद शिक्षा विभाग नींद से जागा है। अब जर्जर भवनों में कक्षाओं का संचालन नहीं करने की हिदायत दी जा रही है। वहीं खम्हरिया में कक्षा 6 से 10 तक का संचालन नवीन भवन में करने के निर्देश दिए हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने एकीकृत हाईस्कूल खम्हरिया के प्रभारी प्राचार्य को निर्देश किया है कि कक्षा 6 से 10 तक की कक्षाएं नवीन माध्यमिक भवन रिछारिया टोला में संचालित करें। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने जीर्ण-शीर्ण व जर्जर विद्यालयों के भवनों की सूची 7 दिवस में प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए हैं। पहले की सूची के अनुसार जिले का शिक्षा विभाग ऐसे करीब 40 भवनों को मानता है जो जीर्ण-शीर्ण हैं। शहर में भी ऐसे भवन: कसी तरह बैठाया जा रहा है। शहर के बीचों बीच स्थित प्राचीन साधूराम स्कूल के प्रथम तल पर कमरे जर्जर हैं। यह हाल शहर के ऐतिहासिक 1857 में बने शिक्षा के मंदिर साधूराम स्कूल का है। 1923 में स्कूल का उन्नायन हुआ और 6 से आठ तक बना। अभी साधूराम स्कूल भवन बदहाली के आंसू बहा रहा है। देखरेख के अभाव में न सिर्फ भवन जर्जर हो रहा है। बल्कि आसामाजिक तत्वों ने कब्जा कर रखा है। शहर के सबसे पुराने इस स्कूल की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन, नगर निगम, शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन को कोई सरोकार नहीं हैं। शहर का ऐतिहासिक स्कूल अस्तित्व को बचाने बाट जोह रहा है। परिसर में कई गंभीर समस्याएं हैं। बिल्डिंग का छप्पर तो जर्जर है ही साथ ही पूरे परिसर में शहर की पार्किंग हो रही है, जिससे बच्चों को खेलने के लिए जगह नहीं बचती और वाहनों की आवाजाही से हर समय हादसे का अंदेशा बना रहता है। यही हाल शहर के वैंकट प्राथमिक शाला एवं बरगवां ऐसे ही स्कूल का है। यहां पर 6 कमरे हैं जिनमें तीन कमरों के छप्पर पूरी तरह जर्जर हैं। कमरों में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इसी तरह प्राथमिक शालाबरगवां में 140 विद्यार्थियों के लिए लिए आठ कमरे हैं, इनमें छह कमरों के छप्पर जर्जर हो चुके हैं। बहोरीबंद विकासखंड मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर स्थित सिजहरी गांव में प्राथमिक शाला का जर्जर है। ये जर्जर भवन शिक्षा में सरकारी व्यवस्था की बदहाली बयां कर रहे हैं। जर्जर भवन के कारण बच्चों को स्कूल भेजने के दौरान डर बना रहता है कि भवन के उपर जर्जर खपरैल गिरने से ही बच्चे चोटिल न हो जाएं। इसके बाजजूद विभाग ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

शिक्षाधिकारी, प्राचार्य व बीआरसी को निर्देश दिए हैं कि जर्जर शाला भवनों में कक्षाएं संचालित न हों, इसके लिए सभी शाला प्रमुखों को निर्देश जारी करें। अनुमान के अनुसार ऐसे करीब 40 भवन होंगे जो जर्जर हैं।
-पृथ्वीपाल सिंह, जिला शिक्षाधिकारी

नालियों को ढंकने पाइप से दिव्यांग हो रहे परेशान

कटनी, यशभारत। शासकीय कार्यालयों में भी दिव्यांगों के लिए रैंप नहीं बनाए गए हैं। इससे दिव्यांग परेशान होते हैं। कलेक्ट्रेट सहित अन्य कार्यालयों में पाइप को पार करने में दिव्यांगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहर के विभिन्ना सार्वजनिक स्थानों में नालियों को ढंकने के लिए पाइप लगाए गए हैं। इन्हें क्रास करने में निशक्तों को परेशानी होती है। यही स्थिति विभिन्ना सरकारी संस्थानों में है। कलेक्ट्रेट में निशक्त आवेदक जब अपने आवेदन लेकर आते हैं तो उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कलेक्ट्रेट में पिछले दिनों ऐसा ही आवेदक जो अपना आवेदन लेकर कलेक्ट्रेट आया था इस क्रासिंग को पार करने के लिए संघर्ष करता रहा। सरकार दिव्यांगों की सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही हैं। लेकिन इसके क्रियान्वयन पर विभागों का खास ध्यान नहीं है। कई कार्यालयों में अब तक रैंप का निर्माण नहीं कराया गया है। सरकारी कार्यालयों में अपने कार्य से निशक्त को भी जाना पड़ता है, लेकिन कार्यालय में रैंप नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिले के प्रमुख सरकारी विभागों में अभी भी रैंप नहीं बने हैं। कलेक्ट्रेट में रैंप न होने से सैकड़ों दिव्यांग रोजाना परेशान परेशान होते हैं। अन्य कार्यालयों में रैंप न होने से निशक्त जनों को परेशानी होती है। यहां भी आज तक रैंप का निर्माण नहीं किया गया है।`यही स्थिति विभिन्नाा कार्यालयों की है। इससे दिव्यांगों को काफी समस्या होती है। समान अवसर, अधिकार संरक्षण एवं भागीदारी अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांगों को आसान पहुंच के लिए कार्यालयों में बाधा रहित सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करने के प्रावधान हैं लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

युवाओं ने नागपंचमी पर पुरानी कचहरी के हनुमान मंदिर में किया हनुमान चालीसा का पाठ

कटनी, यशभारत। नागपंचमी के पावन अवसर पर नगर के युवाओं द्वारा पुरानी कचहरी स्थिति हनुमानजी के मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ व महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती का आयोजन मुख्यरूप से शशांक सिंह चौहान, दिव्यांक सिंह चौहान, संदीप पायल, मंदीप पायल, हिमांशु सिंह, मनीष सिंह, सत्यम सिंह, देवेश बजाज, सचिन वर्मा, सुभम गुप्ता सहित अन्य युवा साथियों के द्वारा किया गया इस दौरान भारी संख्या में सभी वर्गों के युवा व वरिष्ठ जनों की मौजूदगी रही। सामुहिक हनुमान चालिसा पाठ के उपरांत महाआरती व प्रशाद वितरण किया गया।

कई अस्पतालों के पास फायर सेफ्टी एनओसी नहीं

कटनी, यशभारत। जबलपुर के निजी अस्पताल में लगी आग में आठ लोगों की मौत के बाद कटनी की पड़ताल में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। शहर में कई अस्पताल के पास फायर एनओसी ही नहीं है। सवाल बगैर एनओसी चल रहे अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इनमें से ज्यादातर अस्पताल आवासीय इमारतों में चल रहे हैं। आग लगने की स्थिति में इनमें बचाव के साधन नहीं हैं। कुछ तो इतनी कम जगह में बने हैं कि आग लगने की स्थिति में भीतर फंसे लोगों को बाहर निकलने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। कुछ अस्पताल संकरी सड़क पर बने हैं जहां आग लगने पर दमकल पहुंच ही नहीं सकता। आपको बता दें कि भोपाल के हमीदिया अस्पताल में नवंबर 2021 में लगी आग में बच्चों की मौत के बाद राज्य शासन ने सभी नगरीय निकायों को अस्पतालों का फायर सेफ्टी आडिट करने के निर्देश दिए थे। शहर के अस्पतालों का सेफ्टी आडिट भी पता नहीं कब कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और नगर निगम के बीच फिलहाल पत्राचार का खेल चल रहा है। असल में आवासीय व सह वाणिज्यिक आवासीय भवनों में नर्सिंग होम या अस्पताल संचालित नहीं किया जा सकता। आवासीय भवन में आग लगने पर आपात परिस्थिति में बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं हो सकते। नगर निगम द्वारा पूर्व में अस्पतालों में सुरक्षा मापदंडों की जांच की थी। कुछ निजी अस्पतालों के बेसमेंट में पार्किंग के लिए निर्धारित जगह पर आफिस कक्ष बने मिले थे। लेकिन यह कार्रवाई फिर ठंडे बस्ते में चली गई। जब आवासीय निर्माण किया जाता है तो भवन में विद्युत लोड व अन्य इंतजाम आवास के हिसाब से होते हैं। केबल, फायर सुरक्षा के इंतजाम भी परिवार के हिसाब से रहते हैं। इसी भवन में जब अस्पताल खुल जाता है तो उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ने से विद्युत लोड बढ़ जाता है। यही वजह है कि भवन का विद्युत सिस्टम बिगड़ जाता है। आवासीय व वाणिज्यिक भवनों के निर्माण के दौरान इमरजेंसी गेट व अन्य इंतजाम वहां रहने वाले परिवार व कम लोगों के हिसाब से होते हैं। जब ये भवन अस्पताल में बदल जाते हैं तो इमारत के गलियारे संकरे होने और आपात दरवाजा नहीं होने से दिक्कत आती है। ऐसे में जब भवन में आग लग जाती है तो लोग भीतर फंस जाते हैं।

रामानंदाचार्य रामनरेशाचार्य ने दिया आशीर्वाद

उज्जैन में चातुर्मास कर रहे जगदगुरु रामानंदाचार्य रामनरेशाचार्य जी का आशीर्वाद लेने कटनी के शिष्य उज्जैन पहुंचे। इस दौरान जमुना बिचपुरिया व पत्नी श्रीमती जया बिचपुरिया ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुवर ने पुत्री अंजलि को उनकी वर्षगांठ पर तिलक चन्दन कर व न्योछावर करते हुए उसे शुभाशीर्वाद प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की। ज्ञात हो की हर वर्ष अंजलि अपना जन्मदिवस महाकाल की गोद में मनाती हैं।

रक्षाबंधन के शुभ मुहूर्त को लेकर भ्रम की स्थिति

कटनी, यशभारत। कटनी में रक्षा बंधन के पर्व को लेकर उत्साह है। इस अवसर पर शहर के बाजारों में भी रौनक दिखने लगी है, पर इस पर्व को लेकर तिथि को लेकर कुछ असमंजस है। रक्षा बंधन का शुभ त्योहार नजदीक है, और भाई-बहन अपने उत्साह को रोक नहीं सकते। भाइयों और बहनों का यह त्योहार पूर्णिमा के दिन या श्रावण या सावन महीने की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके लंबे, समृद्ध और सुखी जीवन की कामना करती हैं। बदले में, भाई जीवन भर अपनी बहनों की रक्षा करने का वादा करते हैं। यह हिंदू त्योहार एक भाई और बहन के बीच प्यार भरे बंधन का भी प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शुभ मुहूर्त में राखी बांधने का बहुत महत्व है और इससे समृद्धि आती है। इस साल इस त्योहार की तारीख को लेकर काफी भ्रम है। जहां कुछ लोगों का मानना है कि रक्षा बंधन गुरुवार, 11 अगस्त को पड़ेगा, वहीं अन्य का दावा है कि यह शुक्रवार, 12 अगस्त को मनाया जाएगा।

रक्षाबंधन
2022

पूर्णिमा तिथि 11को सुबह 10.38 बजे शुरू होगी

इस वर्ष सावन पूर्णिमा 11 अगस्त को पड़ रही है। द्रिक पंचांग का कहना है कि पूर्णिमा तिथि 11 अगस्त को सुबह 10.38 बजे शुरू होगी और 12 अगस्त 2022 को सुबह 07.05 बजे समाप्त होगी। हालांकि, भद्रा भी लग रही है। पूर्णिमा के साथ जगह और पूर्णिमा तिथि के पहले भाग के दौरान प्रबल होगी।

द्रिक पंचांग के अनुसार

द्रिक पंचांग के अनुसार रक्षा बंधन भद्रा समाप्ति का समय रात 08.51 बजे होगा. इसलिए रक्षा बंधन गुरुवार 11 अगस्त की शाम से शुरू होकर शुक्रवार 12 अगस्त तक चलेगा। प्रदोष समय रक्षा बंधन मुहूर्त रात 08.51 बजे से शुरू होकर रात 09.13 बजे तक रहेगा। इसके अलावा 12 अगस्त को भद्रा नहीं है। हालांकि पूर्णिमा सुबह 07.16 बजे तक ही रहेगी। इसलिए इस दिन रक्षा बंधन भी मनाया जा सकता है। साथ ही राखी का पर्व भद्रा पंच के समय भी मनाया जा सकता है, जो 11 अगस्त को सायं 05.17 से सायं 06.18 तक रहेगा।

भद्रा के दौरान रक्षा बंधन की रस्में नहीं

द्रिक पंचांग के अनुसार, रक्षा बंधन पर राखी बांधने और अनुष्ठान करने का सबसे अच्छा समय अपराहन के दौरान होता है, जो देर दोपहर या प्रदोष का समय होता है। इसके अतिरिक्त, भद्रा के दौरान रक्षा बंधन की रस्में नहीं करनी चाहिए। हिंदू शास्त्रों का मानना है कि यह एक दुर्भावनापूर्ण समय है जिसे सभी शुभ कार्यों से बचना चाहिए। इसलिए, किसी भी शुभ कार्य को शुरू करने से पहले भद्रा के खत्म होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

आयोजन : राजपूत करणी सेना की क्षत्राणियों ने मनाई हरियाली तीज

कटनी, यशभारत। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना क्षत्राणी इकाई जिला कटनी द्वारा हरियाली तीज के पावन अवसर पर 2 अगस्त को रंगनाथ नगर स्थित श्री रंगनाथ मंदिर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, इस दौरान बड़ी संख्या में जिले की छत्राणियों सहित संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना महिला इकाई जिला अध्यक्ष बबिता सिंह बघेल ने बताया कि कार्यक्रमों का शुभारंभ रंगनाथ भगवान की पूजा अर्चना व प्रसाद वितरण के साथ किया गया इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने भगवान के झूला उत्सव व भजन संध्या का भी आयोजन हुआ। इसी कड़ी में बैठक कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। इस दौरान महिलाओं को सुहाग सामग्री वितरण की गई साथ ही पौधा रोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रभारी श्री सिंह सोमवंशी, जिला महामंत्री उमा सिंह गौर, जिला मंत्री उर्मिला सिंह गौर, जिला संयुक्ताकी ममता सिंह सोलंकी, जिला सचिव मीना सिंह सिकरवार, मीडिया प्रभारी सुजाता सिंह बघेल, जिला संगठन मंत्री मनोरमा सिंह, सहायक संयुक्ताकी मीना सिंह बघेल, जिला प्रवक्ता अनीता सिंह, जिला महामंत्री कविता सिंह राजपूत, जिला सहसचिव प्रतिभा सिंह बिसेन सहित अन्य छत्राणियों ने हिस्सा लिया।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 04 से
दोपहर 12.30, 2.45 एवं सायं 7 बजे से

EK VILLAIN RETURNS

एक विलेन रिटर्न्स
कलाकार- जॉन अब्राहम, अर्जुन कपूर, दिशा पटानी, तारा सुतारिया आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 05 से
दोपहर 1, 4 एवं रात्रि 10 बजे से



रामा राव
कलाकार- रवि तेजा, दिव्यांशु कौशिक, नस्सर, पृथ्वीराज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 04 से
सायं 5.15, 7.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से

BULLET TRAIN

बुलेट ट्रेन
कलाकार- ब्रैड पिट, जोय किंग, माईकल शेनन, सेन्ड्रा बुलोक आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

चुनावी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट

परिवार पर हुआ जानलेवा हमला, पुलिस ने दोनों पक्षों पर दर्ज की एफआइआर

कटनी, यशभारत। कुठला थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक बाल गंगाधर तिलक वार्ड में चुनावी रंजिश के चलते बड़ा विवाद सामने आया है। बताया जा रहा है कि रज्जुल निषाद, सतीश निषाद एवं 10-12 लोगों ने शांति निषाद के घर में घुसकर हमला किया है। हमले में शांति के दोनों पुत्र ऋषि निषाद एवं छोटे पुत्र पर प्राणघातक हमला किया गया है। रात में इन लोगों द्वारा घर को चारों तरफ से घेर कर अंदर घुसे और मारपीट की। इतना ही नहीं महिलाओं के साथ भी अभद्रता व एवं मारपीट की। पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव ने बताया कि कुठला पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्यवाही नहीं की गई। लगातार इनके द्वारा गुंडागर्दी की जा रही है। गाड़ी में तोडफोड़ की गई थी लेकिन पुलिस प्रशासन ने अभी तक इनकी गिरफ्तारी नहीं की। पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव ने कुठला थाने में पदस्थ आरक्षक शमशेर सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी रोहित डोंगरे का कहना है कि इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज करते हुए जांच की जा रही है।

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 03 अगस्त 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

पुरुष होकर अनुसूचित जाति सीट से किन्नर ने लड़ा चुनाव

ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित माला मौसी पर लगाया नकली किन्नर और पुरुष होने का आरोप

कटनी/रीठी, यशभारत। जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 9 से सदस्य निर्वाचित किन्नर माला मौसी पर पुरूष होने और फर्जी जाति प्रमाण पत्र के माध्यम से अजा सीट से चुनाव लड़ने का आरोप लगा है। ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन से इसकी शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि माला मौसी पिता कालूराम चौरी द्वारा धोखाधड़ी कर पुरुष से महिला किन्नर बनकर फर्जी जाति प्रमाण पत्र के माध्यम से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा गया था। जिला पंचायत का क्षेत्र क्रमांक 9 अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षिह किया गया था, जबकि अपने आपको किन्नर बताने वाली माला मौसी न तो अनुसूचित जाति वर्ग के अंतर्गत आती है और न ही महिला है। विवाहित होते हुए भी झूठा शपथ पत्र पेश किया गया। कुमारी माला किन्नर बनकर अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र अनुविभागीय अधिकारी शाहनगर जिला पन्ना से कैसे हासिल कर लिया, यह भी जांच का विषय है। शिकायत में कहा गया है कि उमेश चौधरी पिता कालू उर्फ कलुवा चौधरी ग्राम कचौरी थाना शाहनगर जिला पन्ना का रहने वाला है, जिसका विवाह दसोदा बाई ग्राम रामपुर खजरी थाना शाहनगर निवासी से हुआ है। उमेश चौधरी उर्फ माला किन्नर विवाहित है, इसकी एक पुत्री कुमारी लक्ष्मी चौधरी भी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हुआ है।

रिश्तेदारों ने किया खुलासा

किन्नर माला यानि उमेश चौधरी की रिश्ते की बुआ की लड़की रामकली बाई चौधरी निवासी पलौहा की ससुराल विजयराघवगढ़ के भैसवाही में है। उसने उमेश चौधरी के किन्नर माला मौसी बनने का पर्दाफाश किया है। रामकली बाई चौधरी ने बताया कि उमेश चौधरी मेरे मामा का लड़का लगता है और रिश्ते में मेरा भाई है। शादी के बाद उसे अपना पेशा बदल दिया था। नाचने गाने का काम करने लगा था, जिसके चलते विवाहित पत्नी ने एक बच्ची की मां बनने के बाद अपने पति उमेश को छोड़ दिया था। उमेश चौधरी किन्नर बनकर लोकरीति में वर्णित मान्यता का अब तक नाजायज फायदा उठा रहा था। किन्नर बनकर शादी, बच्चों के जन्मोत्सव के उपरांत लोगों के घर जाकर वर्षों से शगुन के रूप में मनमाना रुपया वसूलता आ रहा था। उसने पहले हरदुआ रेल्वे स्टेशन के पास रहकर अपनी पहचान बनाई थी। इसके उपरांत रीठी मुख्यालय में रहकर क्षेत्र में वसूली करता था।

नामांकन प्रक्रिया पर उठे सवाल

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 अनुसूचित जाति महिला के लिए आरिक्षत था। यहां से किन्नर माला मौसी ने भी अपना नाम निर्देशन दाखिल किया था। सवाल यह उठता है कि किन्नर द्वारा नामांकन दाखिल करने के बाद संबंधित रिटर्निंग ऑफीसर द्वारा उसके महिला या पुरूष होने और जाति प्रमाण पत्र की विधिवत जांच क्यों नहीं की गई। रिटर्निंग ऑफीसर द्वारा माला मौसी का नामांकन वैध किया गया, जिसके बाद उसने चुनाव लड़ा और निर्वाचित हुई। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने उसे प्रमाण पत्र वितरित किया।

कलेक्टर से की शिकायत, कार्यवाही की मांग

ग्रामीणों ने कहा कि शासकीय दस्तावेजों में छेड़खानी करते हुए माला चौधरी नाम बताकर संबंधित भूमि स्वामी रिकॉर्ड में दर्ज करवाया गया है, जिसके संबंध में खसरा की प्रति कलेक्टर को दी गई है। माला उर्फ उमेश की जन्म तिथि 11 अक्टूबर 1988 दर्ज है। ग्राम कचौरी के शासकीय स्कूल में दाखिल खारिज रजिस्टर में भी किन्नर होने का कोई रिकॉर्ड नहीं है, न ही महिला माला मौसी होने का कोई उल्लेख है। रजिस्टर में स्पष्ट रूप से उमेश कुमार पिता कालूराम चौधरी ग्राम कचोरी दर्ज है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 के प्रत्याशी राजेश लहंगेर, अरविन्द मेहरा, अहिल्या बाई चौधरी, सीता बाई चौधरी सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर एवं एसपी से कार्यवाही की मांग की है।

हमारी बिरादरी की नहीं : कमला मौसी

पूर्व महापौर किन्नर समाज की मुखिया कमला मौसी ने भी माला मौसी को अपने समाज का सदस्य नहीं मानते हुए किन्नर समाज से निष्कासित कर दिया था। किन्नर कमला मौसी से जब इस संबंध में बात की गई थी तो उनका कहना था कि वे हमारी समाज की नहीं है, इसलिए उसका चुनाव प्रचार नहीं किया जा रहा है।

विगढ़ की पंचायतों में जनप्रतिनिधियों ने ली शपथ

विजयराघवगढ़, यशभारत। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत क्षेत्र की 74 ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवों द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच एवं पंचो को जनहित में शासन निर्देशो पालन व निष्ठा पूर्वक जनसेवा करने की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में ग्राम पंचायत परसवारा नंबर 1 में सचिव विकास दत्त मिश्रा द्वारा पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच सुन्दर बाई गोटिया, उप सरपंच अभय मिश्रा व पंच श्रीमति रजनी मिश्रा, सोना बर्मन, लक्ष्मण कोल, राधिका कोल, उमेश जायसवाल, अवधेश प्रकाश मिश्र, कृष्णकुमार बर्मन, फूलबाई चौधरी, सुधा बाई बर्मन, निशा बर्मन, रेशमा कोल, पूर्व सरपंच नेम लाल साहू, पत्रकार पं जागेश्वर प्रसाद मिश्रा, मोहम्मद लईक, हंसराज सिंह, अजय मिश्रा सहित पंचायत सदस्यों एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

अंधेरे में रहने विवश परसवारा के ग्रामीण

विजयराघवगढ़, यशभारत। विजयराघवगढ़ विकासखंड के अंतर्गत परसवारा ग्राम के कपरिहा टोला में विगत एक सप्ताह से ट्रान्सफार्मर जल जाने के कारण विद्युत विभाग की अनदेखी के कारण ग्रामीण पेयजल संकट व अंधेरे मे रहने विवश है। ग्रामीणों की मानें तो बरसात के मौसम में जहरीले जीव जंतुओं का खतरा के साथ दूषित पानी पीने भी मजबूर है। ग्राम के अजय मिश्रा, नेम लाल साहू, जमुना बर्मन , मजजू बर्मन, विजय गोटिया, मकरंद गोटिया, अंजनी बर्मन, उमेश जायसवाल ने विभाग उच्चाधिकारियों से नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है।

शिवालयों में गूंजे बम बम भोले के जयघोष

सावन के तीसरे सोमवार पर शिवलिंग निर्माण

विजयराघवगढ़, यशभारत। श्रावण मास की चतुर्थी तृतीय सोमवार को भी नगर के शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के मन्दिर में भगवान आशुतोष के निंग निर्माणकर श्रद्धालु भक्त जन आचार्यो द्वारा शोडषोपचार पूजन अर्चन अभिषेक कर मेवा मिषठान पकवान फलों को अर्पण कर हवन महाआरती की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी (म.प्र.)

क्र./निविदा/2022/6425 दिनांक 29.07.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय एवं जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में मोबलिटी सपोर्ट कार्यो हेतु स्थानीय स्तर पर खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। अतः इच्छुक निविदाकार निविदा की शर्ते एवं प्रपत्र ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर प्रकाशन दिनांक 08.08.2022 के पश्चात देखी जा सकती है।

(डॉ. प्रदीप मुड़िया)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कटनी (म.प्र.)
जी-14912-2022

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

कार्यालय नजूल अधिकारी जिला-कटनी म.प्र.

क्रमांक/7475/नजूल अधिकारी/2022 कटनी, दिनांक 28.07.2022

आम इश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क.लिमि. कटनी द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि शहर संभाग कटनी अंतर्गत आर.डी.एस.एस. स्कीम के तहत स्वीकृत 33/11 केव्ही उपकेन्द्र हेतु ग्राम खिरहनी क्षेत्र मे 40x50 वर्गमीटर शासकीय भूमि खसरा नंबर 522, 523, 524 हस्तांतरण /आवंटन किये जाने हेतु विधिवत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आक्षेप हो, तो विनिर्दिष्ट स्थान एवं जारी दिनांक से 15 दिवस के अंदर इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। आपत्तियां नियत दिनांक तक प्रस्तुत न होने की दशा में यह अनुमान किया जायेगा कि उक्त भूमि हस्तांतरण/आवंटन करने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है।

आवंटित / हस्तांतरण संबंधी भूमि का ब्यौरा

आवेदक संस्था का नाम पता	ग्राम का नाम प.ह.न. नं.बं.	भूमि स्वामी का नाम पता	भूमि का विवरण		अन्य विवरण
			खसरा नंबर	रकबा	
कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. कटनी	ग्राम खिरहनी खसरा नंबर 522, 523, 524	शासकीय नजूल सरकार	522 523 524	0.1940 हे. 0.1050 हे. 0.6150 हे.	

सुनवाई का स्थान - न्यायालय नजूल अधिकारी कलेक्ट्रेट कक्ष क्र. 36, जिला कटनी
सुनवाई/साक्ष्य का अंतिम दिनांक- 16.08.2022
जारी दिनांक : 28.07.2022

नजूल अधिकारी
जिला-कटनी

Tuesday Offer @99/- Available On All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show
From 29th July 2022
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave,
Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830
EK VILLAIN RETURNS
10:30 AM 11:15 AM
1:45 PM 1:15 AM
4:15 PM 6:45 PM
9:30 PM 10:00 PM
RONA 3D
MALL
1:00 PM
4:00 PM
7:00 PM
9:45 PM
10:15 AM
3:45 PM
7:15 PM
SHAMSHERA

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc. नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	शैक्षणिक अर्हता
1	बी.एस.सी. (नर्सिंग)	4 वर्ष	12 वीं (बायोलॉजी)
2	जी.एन.एम. (नर्सिंग)	3 वर्ष	12 वीं
3	पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग)	2 वर्ष	GNM उत्तीर्ण

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल- ceproc.encwrd.bpl@nic.in
फोन 0755-2767635 फेक्स 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-913/2022-23/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 27.07.2022

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.08.2022 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2022_WRD _212688	टर्न की पद्धति पर :- पाली जलाशय योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	कटनी	730.41
2.	2022_WRD _212689	गुरमा बांध योजना की मुख्य नहर, वितरिका एवं माइनर नहरों की लाइनिंग का कार्य।	रीवा	876.24
3.	2022_WRD _212690	टर्न की पद्धति पर :- दुलहरी जलाशय लघु सिंचाई योजना निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	उमारिया	746.60
4.	2022_WRD _212691	टर्न की पद्धति पर :- ढोंगा तालाब सिंचाई योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	सिंगरौली	510.30
5.	2022_WRD _212693	टर्न की पद्धति पर :- वीरमपुरा तालाब का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	छतरपुर	367.39
6.	2022_WRD _212695	धमोई योजना की नहर की आर.डी. 120, 970 एवं 1500मी. पर निर्मित 3 नग एक्वाडक्ट के सुधार एवं पेंटिंग का कार्य।	धार	46.74
7.	2022_WRD _212698	शामगढ़-सुवासरा परियोजना क्रियान्वयन इकाई अन्तर्गत शासकीय कार्यालय, विश्रामगृह एवं निर्माण कार्यों के संचालन हेतु श्रमिकों की आवश्यकता।	मंदसौर	22.18
8.	2022_WRD _212700	हनौता सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत ग्राम जजपोन के पुर्नवास एवं पुर्नव्यवस्थापन का कार्य।	सागर	784.00
9.	2022_WRD _212703	हनौता सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत ग्राम बडोह के पुर्नवास एवं पुर्नव्यवस्थापन का कार्य।	सागर	504.34
10.	2022_WRD _212704	एस.डी.एम. एफ. अन्तर्गत बैरहना व पटना जलाशय की मुख्य नहर व माइनर्स का सी.सी. लाइनिंग कार्य।	सतना	103.89
11.	2022_WRD _212705	एस.डी.एम. एफ. अन्तर्गत कोका एवं मुकुन्दपुर जलाशय के बांध एवं नहर का सुधार कार्य।	सतना	212.02
12.	2022_WRD _212708	एस.डी.एम.एफ. अन्तर्गत दतिया सिंचाई नहर (विस्तारित) की 3-आर माइनर की आर.डी. C से 2652 मी. तक की सी.सी. लाइनिंग का विशेष मरम्मत कार्य।	दतिया	48.84
13.	2022_WRD_212709	बरबीरा तालाब योजना की नहर के लाईनिंग का कार्य।	पन्ना	124.58
14.	2022_WRD _213681	टर्न की पद्धति पर :- कोहकादनुआ बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	छिन्दवाड़ा	301.05
15.	2022_WRD _213683	टर्न को पद्धति पर :- छाबड़ी स्टाप डेम का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	छिन्दवाड़ा	313.22
16.	2022_WRD _213686	टर्न की पद्धति पर :- कुदीगपुर बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीनित नहीं।	धार	399.83
17.	2022_WRD _213689	एस.डी.एम.एफ. अन्तर्गत बिठली जलाशय के पक्के कार्य का निर्माण एवं नहर लाईनिंग का कार्य।	बालाघाट	67.73
18.	2022_WRD _213691	कारम मध्यम सिंचाई परियोजना स्थल पर निरीक्षण भवन एवं संभाग क्र.-1 धार कार्यालय में बाउण्ड्री वाल का निर्माण कार्य।	धार	47.14
19.	2022_WRD _213696	टर्न की पद्धति पर :- भम्लावद बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीनित नहीं।	धार	340.35
20.	2022_WRD _213697	टर्न की पद्धति पर :- सराठी जलाशय परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर, माइनर/सबमाइनर का सुधार एवं लाइनिंग कार्य पक्के स्ट्रक्चरों का सुधार कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं (संचालन एवं रख रखाव दो वर्ष के लिये)	बालाघाट	659.74
21.	2022_WRD _213698	टर्न की पद्धति पर :- सराठी जलाशय परियोजना बकोड़ा माइनर एवं सबमाइनर का सुधार तथा दांयी तट मुख्य नहर प्रणाली की माइनरों/सबमाइनरों का सुधार एवं लाइनिंग कार्य, पक्के स्ट्रक्चरों का सुधार कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं (संचालन एवं रख रखाव दो वर्ष के लिये)	बालाघाट	910.10
22.	2022_WRD _213705	टर्न की पद्धति पर : सराठी जलाशय परियोजना की दांयी तट मुख्य नहर, माइनर/सबमाइनरों का सुधार एवं लाईनिंग तथा पक्के स्ट्रक्चरों का सुधार कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं (संचालन एवं रख रखाव दो वर्ष के लिये)	बालाघाट	999.35
23.	2022_WRD _213708	टर्न की पद्धति पर : सातनारी जलाशय के बांध एवं नहरों के शेष कार्य का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	बालाघाट	297.92
24.	2022_WRD _213709	टर्न की पद्धति पर:- पिपल्या साहब बैराज तहसील बागली के समीप कालिसिंध नदी पर 0.871 मि.घ.मी. कुल जल ग्रहण क्षमता के लिये निर्माण कार्य। विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	देवास	420.97
25.	2022_WRD _213710	टर्न को आधार पर :- चरगवां लघु योजना के बांध एवं नहर का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	रायसेन	381.82
26.	2022_WRD _213711	एस.डी.एम. एफ. अन्तर्गत दतिया सिंचाई नहर परियोजना अन्तर्गत सलोन वितरिका का विशेष मरम्मत कार्य।	दतिया	58.86
27.	2022_WRD _213712	एस.डी.एम.एफ. अन्तर्गत दतिया सिंचाई नहर परियोजना अन्तर्गत 3-आर माइनर की आर.डी. 0 मी से 2652 मी. तक सी.सी. लाइनिंग का विशेष मरम्मत कार्य।	दतिया	48.84

G-14910/22 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

संपादकीय

बोलना ही तो जुर्म है!

कुछ रोज पहले प्रधान न्यायाधीश जस्टिस एनवी रमना ने कहा था कि देश में (आपराधिक दंड) प्रक्रिया ही सज़ा बन गई है। ये वो शिकायत है, जिसे पिछले कई वर्षों से देश के कई न्यायविद् और बुद्धिजीवी जताते रहे हैं। दरअसल, समझ यह बनी है कि ये स्थिति लाने में खुद सर्वोच्च न्यायपालिका की भूमिका रही है- और जस्टिस रमना का कार्यकाल भी इस बात का अपवाद नहीं है। इस स्थिति का सीधा अर्थ आधुनिक न्याय व्यवस्था की इस मान्यता का निरर्थक हो जाना है कि दोष सिद्ध होने तक कोई व्यक्ति निर्दोष माना जाएगा। इसीलिए कभी खुद भारत के सुप्रीम कोर्ट ने भी यह राय जताई थी कि विचाराधीन मामलों के संदर्भ में जेल अपवाद और बेल (जमानत) नियम है। लेकिन आज ये बात कहीं लागू होती नहीं दिखती। नतीजा यह है कि सरकार के खिलाफ बोलना एक ऐसा जुर्म हो गया है, जिसकी बेहद कड़ी सजा भुगतनी होती है। इसकी आज इसके उदाहरणों की सूची खासी लंबी हो चुकी है। इस सूची में ताजा नाम शिव सेना के प्रवक्ता संजय राउत का जुड़ा है।इसके पहले से ही महाराष्ट्र में ही एनसीपी के नेता नवाब मलिक केंद्र सरकार और वहां सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ ज्यादा बोलने की सजा भुगत रहे हैं। बात कथित अर्बन नक्सलियों से शुरू हुई और अब संसदीय विपक्षी दलों तक पहुंच चुकी है। यह कहने का कतई अर्थ नहीं है कि राजनीति या सार्वजनिक जीवन में जो है, उसे अपराध करने की खुली छूट होनी चाहिए। लेकिन जब सिर्फ विपक्ष के लोगों के कथित अपराध को चुन-चुन कर उन्हें ऐसी प्रक्रिया में फंसाया जा रहा हो, जो अपने-आप में सजा मालूम पड़े, तो यह कहने का आधार बनता है कि यहां मामला कानून के अपना काम करने का नहीं है। सामान्य दिनों में ऐसे मामलों में उम्मीद न्यायपालिका से बनती थी। लेकिन अब अक्सर ये शिकायत सामने आती है कि न्यायपालिका ऐसी कार्रवाइयों की राह सुगम बनाने वाली संस्था बन गई है। हाल में मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक अधिनियम के मामले में सुप्रीम कोर्ट को जो फैसला आया, उसने भी ऐसी धारणा को आगे बढ़ाया है। ऐसे में यह सवाल रोज अधिक प्रासंगिक हो जाता है कि क्या भारत में सचमुच कानून का राज है?

आपदा में ऐसा अवसर

दुनिया इस समय महंगाई से परेशान है। इस बार खास बात यह है कि ये समस्या सिर्फ गरीब या विकासशील देशों में नहीं है। बल्कि विकसित दुनिया भी उतनी ही मुश्किल में है। महंगाई का सबसे बड़ा कारण कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की रिकॉर्ड महंगाई है। असर यह है कि यूरोप में घरों को गर्म करने के लिए मिलने वाली गैस में कटौती हो रही है, जबकि यूरोप से लेकर अमेरिका तक में परिवहन महंगा हो गया है। जाहिर है, इस महंगाई से आम लोग परेशान हैं। लेकिन इसी दौर में दुनिया की सबसे तेल कंपनियों के मुनाफे में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। कच्चे तेल की महंगाई से उनकी तिजोरी भरती चली जा रही है। गौरतलब यह है कि ये कंपनियां तिजोरी में आ रहे अरबों डॉलर का इस्तेमाल कारोबार बढ़ाने में नहीं कर रही हैं।बल्कि उनका ध्यान अपने शेयरों के भाव बढाने पर है। तो हुई अधिक कमाई का इस्तेमाल ये कंपनियां शेयर बाई बैक करने में कर रही हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक सबसे बड़ी तेल कंपनियों- बीपी, शेवरॉन, एक्सन मोबिल, शेल और टोटलएनर्जीज को साझा तौर पर इस वर्ष की दूसरी तिमाहीमें 60 बिलियन डॉलर का मुनाफा हुआ। तो अतिरिक्त कमाई का कुछ हिस्से का कंपनियों ने अपना कारोबार बढ़ाने में निवेश जरूर किया, लेकिन ज्यादातर रकम शेयर बाइ-बैक में खर्च कर दी है। पांच बड़ी तेल कंपनियों ने इस वर्ष से जनवरी से जून के बीच 20 बिलियन डॉलर शेयर बाइ-बैक पर खर्च किए। साल की दूसरी छमाही में उनके खर्च का यह ट्रेंड जारी रहने की संभावना है। उचित ही कंपनियों के इस रुख पर सवाल उठाए गए हैं। कहा गया है कि तेल कंपनियां अमेरिकी उपभोक्ताओं की बिना कोई परवाह किए सिर्फ अपने शेयरों के भाव बढ़ाने में जुटी हुई हैं। यहां तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी तेल कंपनियो के इस रुख की आलोचना कर चुके हैं। उन्होंने कहा है कि इन कंपनियों ने यूक्रेन युद्ध के कारण बढ़ी महंगाई को मुनाफा बढ़ाने का मौका बना लिया है।

यदि चाहे हम हर घर जल, बचत-प्रबंधन इसके हल

जैसे-जैसे जनसंख्या और अर्थव्यवस्था बढ़ती है, वैसे-वैसे पानी की मांग भी बढ़ती है। सीमित पानी और प्रतिस्पर्धी जरूरतों के साथ, पेयजल प्रबंधन चुनौतीपूर्ण हो गया है। अन्य कठिनाइयाँ, जैसे भूजल की कमी और अनियमित वर्षा। इन कठिनाइयों ने ग्रामीण आबादी को तनाव में डाल दिया है, जो पारंपरिक ज्ञान और जल ज्ञान के साथ अपनी पानी की जरूरतों को पूरा करती है। जब स्वास्थ्य की बात आती है, तो ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पाइप से पानी की आवश्यकता होती है। पानी और ऊर्जा के संबंध को बनाये रखने के लिए जल संरक्षण को बढ़ाने और प्राकृतिक जल स्रोतों को बचाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि यह भावी ऊर्जा उत्पादन के लिए भी बहुत जरूरी हैं।

हममें से ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि पानी बचाने के लिए एक अकेला आदमी क्या कर सकता है। इस तरह के विचार से हम लोग रोज पानी नष्ट कर देते हैं। आज की दुनिया में सभी लोग इस दौड़ में लगे हैं कि हम अपने घरों में बड़े-बड़े गुसलखाने बनाये, लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि पानी के बिना वे सब बेकार हैं। हम अपनी जरूरत से ज्यादा पानी का इस्तेमाल करते रहते हैं। कम से कम हममें से हर व्यक्ति अपने घरों और कार्यस्थलों में पानी का उचित इस्तेमाल तो कर ही सकता है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि सड़क किनारे लगे हुए नलों से पानी बह रहा है और बेकार जा रहा है, लेकिन हम वहां से गुजर जाते हैं और नल को बंद करने की चिंता नहीं करते। हमें इन विषयों पर सोचना चाहिए और अपने रोज के जीवन में जहां तक संभव हो पानी बचाने की कोशिश करनी चाहिए।

भारत की बात की जाए तो यहां प्रचुर मात्रा में बारिश होती है लेकिन आबादी बढ़ने के कारण देश में पानी की कमी महसूस की जा रही है। आबादी बढ़ने के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अधिक इस्तेमाल होता है। जल स्रोत, स्थानीय तालाब, ताल-तलैया, नदियां और जलाशय प्रदूषित हो रहे हैं और उनका पानी कम हो रहा है। इस समय देश की बढ़ती आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा भारत में खेती भी बारिश के भरोसे ही होती है। भारत में खेती की सफलता पानी की उपलब्धता पर ही निर्भर है, जिसमें बारिश के पानी की अहम भूमिका होती है। अच्छी वर्षा का मतलब अच्छी फसल होता है। वर्षा जल को बचाने की बहुत जरूरत है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसमें कोई तेजाबी तत्व न मिलने पाये क्योंकि इससे पानी और उसके स्रोत प्रदूषित हो जाएंगे।

तभी तो जल जीवन मिशन राष्ट्रीय जल जीवन कोष की नींव है। 15 अगस्त 2019 को भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने एक सरकारी कार्यक्रम के बारे में एक बड़ी घोषणा की। जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति करना है। वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण भी मिशन के सबसे महत्वपूर्ण पहलू हैं। पुनर्नवीनीकरण पानी और रिचार्जिंग संरचनाओं का उपयोग करना, जलमार्ग का विकास,पेड़ लगाने पर ध्यान दे रहे हैं। पारंपरिक और अन्य जल निकायों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

यह मिशन नल कनेक्शनों को काम में लाकर नल के पानी के कनेक्शन की कमी को दूर करेगा। यह स्थानीय प्रबंधन पर आधारित है कि कितना पानी उपयोग किया जाता है और कितना उपलब्ध है। यह मिशन पानी की कटाई, पानी को सीधे धरती में डालने और घरेलू अपशिष्ट जल का प्रबंधन करने जैसी चीजों के लिए स्थानीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा ताकि इसे फिर से इस्तेमाल किया जा सके। 2024 तक ग्रामीण घर के प्रत्येक व्यक्ति को एक नल कनेक्शन से प्रतिदिन 55 लीटर पानी मिल सकेगा। मिशन समुदाय को पानी के लिए एक योजना के साथ आने में मदद करता है जिसमें बहुत सारी जानकारी, शिक्षा और संचार शामिल है। इस योजना में 3 लाख करोड़ रुपये की राशि दी गई। इस मिशन में हर कोई पानी के लिए जन आंदोलन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने में मदद करता है। हिमालयी और उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए, फंड को केंद्र और राज्य के बीच 90:10, बाकी राज्यों के लिए 50:50 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100% विभाजित किया गया है।

जल जीवन मिशन के तहत, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के एससी/एसटी बहुल गांवों में भी हर ग्रामीण परिवार को नल का पानी दिया जाता है, ताकि "कोई भी छूट न जाए" साथ ही, उन जगहों पर नल के पानी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है, जहां पानी की गुणवत्ता खराब है, जैसे मरुस्थल और सूखा प्रभावित क्षेत्र, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बहुसंख्यक गाँव, सांसद आदर्श ग्रामीण योजना गांव, इत्यादि। पानी समितियों की योजना में गाँव की जलापूर्ति प्रणाली भी अच्छी स्थिति में है, जिसमें वे व्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से संचालित करते हैं। इनमें से कम से कम आधे संघों में 10 से 15 सदस्य हैं, जिनमें से कम से कम आधी महिलाएं हैं। अन्य सदस्य स्वयं सहायता समूहों, मान्यता प्राप्त सामाजिक और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी शिक्षकों और अन्य स्थानों से आते हैं। समितियों ने अपने सभी संसाधनों का उपयोग करने वाले गाँव के लिए एकमुश्त कार्य योजना तैयार की हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण जल आपूर्ति और स्वच्छता मिशन को अमल में लाने में कुछ समस्याएं है जिसमें प्रमुख विश्वसनीय पेयजल स्रोतों की कमी हैं। जल-तनावग्रस्त, सूखा-प्रवण और उपोष्णकटिबंधीय जैसे क्षेत्रों में, भूजल, असमान इलाके और बिखरी हुई ग्रामीण बस्तियों में स्थान-विशिष्ट संदूषकों की उपस्थिति है तो साथ ही, गांव में जलापूर्ति के बुनियादी ढांचे के प्रबंधन और संचालन के लिए स्थानीय ग्राम समुदायों की अक्षमता आ? आती है। कुछ राज्यों में, विशेष रूप से कोविड -19 महामारी के बाद, मैचिंग स्टेट शेयर जारी करने में देरी भी इस मिशन की सफलता के रास्ते में बाधा बन रही है। जल जीवन मिशन में अब तक की प्रगति देखे तो जिस समय जल जीवन मिशन की घोषणा की गई थी, उस समय 18.93 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 17.1% के पास नल के पानी के कनेक्शन थे। इसका मतलब यह हुआ कि 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन थे।

जेजेएम के तहत अब तक 5.38 करोड़ (28%) ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन स्थापित किए जा चुके हैं। इसलिए, देश के 19.22 बिलियन ग्रामीण परिवारों में से 8.62 बिलियन (या 44.84 प्रतिशत) पीने योग्य नल का पानी है। गोवा, तेलंगाना, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पुडुचेरी जैसे राज्यों के ग्रामीण इलाकों में नल से बहते पानी वाले घरों की संख्या 100% तक पहुंच गई है। "हर घर जल" हर किसी की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गया है। मिशन का प्राथमिक उद्देश्य जितना हो सके कम से कम बर्बाद करते हुए पानी की बचत करना है। इस समय पृथ्वी ग्रह पर जीवन को बचाये रखने के लिए सबसे बड़ी जरूरत पानी को बचाने की है; यह सुनिश्चित करने के लिए जल संसाधनों का प्रबंधन करके किया जाएगा कि देश में सभी को समान मात्रा में पानी मिले।

- सत्यवान 'सौरभ'

मोदीजी मेरी मां पेंसिल मांगने पर मारती है!

जनाब सरकार को मंहगाई नज़र नहीं आती ।जबकि एक बच्ची मां से पेंसिल मांगने पर मार खा रही है ।कन्नोज की कृति प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर भेज रही है उसकी बात सोशल मीडिया के ज़रिए सदन और पी एम तक निश्चित तौर पर पहुंच चुकी होगी किंतु संवेदनहीन सरकार ने उस बच्ची के लिए सहानुभूति के दो शब्द भी नहीं पहुंचाए। उस बच्ची के कथन के बाद अब मंहगाई पर चर्चा होने का क्या मतलब ।जब छोटी बच्ची की बात नहीं सुनी जाती तो माननीय प्रतिपक्षी सांसदों का तो अब बोलना ना बोलना बराबर है ।नक्कार खाने में तूती की आवाज।

हालांकि मंहगाई पर विपक्ष के आंदोलन और लोकसभा से सांसदों का निलंबन वापस लेने के बाद सोमवार को लोकसभा में महंगाई पर चर्चा हुई ।इस दौरान बड़बोले प्रधानमंत्री मोदीजी नहीं रहे। आमतौर पर बहस मुबाहिसों से वे परहेज करते हैं हो सकता है वे किसी ज़रुरी काम में व्यस्त हों। इस दौरान विपक्ष ने एलपीजी, बेरोजगारी, ईंधन के बढ़ते दामों पर सरकार पर जमकर हमले किए।

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने चर्चा की शुरुआत की उन्होंने अर्थव्यवस्था के गलत प्रबंधन के लिए सरकार पर तंज कसा उन्होंने कहा कि देश में पिछले 14 महीने से महंगाई डबल डिजिट में है, यह 30 साल में सबसे ज्यादा है. उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक आसमान छू रहा है। उन्होंने कहा कि चावल, दही, पनीर और पेंसिल और शार्पनर जैसी रोजाना के इस्तेमाल की चीजों पर जीएसटी बढ़ाया गया है बच्चों को भी नहीं बख्श रही सरकार। तृणमूल कांग्रेस की सांसद काकोली घोष ने कहा, "क्या सरकार चाहती है कि हम कच्ची सब्जियां खाएं", फिर उन्होंने एक बैगन दिखायाऔर उसे कच्चा खाने लगी, यह बताने के लिए कि उनका मतलब है कि रसोई गैस इतनी महंगी है कि खरीदना पकाना मुश्किल हो रहा है ।शिअद नेता हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि उन्होंने मूल्य वृद्धि की चर्चा करने के लिए 10 दिन और 150 करोड़ बर्बाद किए। उनके जवाब निराशाजनक रहे हैं ।आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भी आज राज्य सभा में मंहगाई की वजहें स्पष्ट करते हुए वे आंकड़े पटल पर रखे जो मोदीजी ने अपने मित्रों को खैरात में दिए। उन्हें अपने मित्रों को दुनिया का नंबर वन बनाने की चिंता है। अमूनन अन्य जो सदस्य बोले उन सबने मंहगाई डायन की भरपूर भर्त्सना की। लोकसभा में महंगाई पर चर्चा के दौरान सरकार का पक्ष केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा उन्होंनेयह स्वीकारा कि स्थिति बेहद गंभीर है, और कीमतों पर लगाम लगाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं आगे कहा कि पूरी दुनिया के मुकाबले भारत में महंगाई बेहतर स्थिति में है ।सरकार की कोशिश है कि महंगाई दर को 7 फीसदी से नीचे रखा जाए, और सरकार इसमें कामयाब रही है ।भारत की पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका से तुलना नहीं कर सकते हैं. पाकिस्तान और बांग्लादेश लगातार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से लगातार बिलियन डॉलर की मांग कर रहा है. बांग्लादेश [illegible] से 4.5 बिलियन डॉलर मांग रहा है, जबकि पाकिस्तान 7 बिलियन डॉलर मांग रहा है. जबकि भारत के पास विदेशी मुद्रा भंडार समुचित है ।वे इसी बात से खुश नज़र आईं।

निर्मला सीतारमण की बात सुनकर कांग्रेस ने पहले लोकसभा और बाद में राज्य सभा से वहिर्गमन किया ।सदन में कल फिर चर्चा की जाएगी ।आम लोगों की राय यह है कि भैंस के आगे बीन बजाने से कोई फायदा नहीं होने वाला ।जब सदन में सरकार को मंहगाई नज़र नहीं आ रही तो आगे क्या हासिल होने वाला है इसलिए अब सदन के बाहर सड़कों पर ही निकलना उचित होगा। निर्मला सीतारमण से निवेदन है कि कम से कम वे बच्चों के दूध और पढ़ाई लिखाई के सामान और भोजन के ज़रूरी सामान पर गंभीरता से सोचें। निश्चित तौर पर देश के पास धन की कमी नहीं है वह कहां और क्यों जा रहा है आप अच्छी तरह जानती है । अमीरों की बात ना बोले ग़रीब तबके की हालत देखें ।उस मासूम बच्ची की बात पर चिंता करें वह अपनी मां की मार खां रही है सरकार की बढ़ती मंहगाई की बदौलत ।आप कहती हैं सब ठीक है ।इधर देशवासियों को मंहगाई मार रही है। मंहगा भोजन,मंहगी शिक्षा,मंहगा स्वास्थ सब हाहाकार मचाए हुए हैं।

सुसंस्कृति परिहार

आपका राशिफल 04 अगस्त

मेष
चू चे चो ला ली लू ले लो आ

पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-1-4-6

वृष
इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-2-4-6

मिथुन
का की कू घ ङ छ के को हा

अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। शुभांक-2-5-6

कर्क
ही हू हे हो डा डी डू डे डो

उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-5-7

सिंह
मा मी मू मे मो टा टी टू टे

यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-7

कन्या
टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-8

तुला
रा री रु रे रो ता ती तू ते

शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-7

वृश्चिक
तो ना नी नू ने नो या यी यू

अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-1-5-9

धनु
ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-2-5-7

मकर
भो जा जी खी खू खे खो गा गी

आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-7-9

कुंभ
गू गे गो सा सी सू से सो दा

बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-7-9

मीन
दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-3-5-7

फिल्म वर्ग पहेली - 5889



बायें से दायें:-

१. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-३
३. बॉबी, काजोल, मीनाक्षी की 'दुनिया हसीनों का' गीत वाली फिल्म-२
६. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-३
७. 'यूं हसरतों के दाग' गीत वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
८. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
९. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
१२. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-२
१४. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-२
१६. 'आजकल पाँव जमीं' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-२
१७. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'मेरा रंग दे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-३
२१. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली फिल्म-३
२२. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-२
२३. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२७. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२
३०. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-२
२. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
४. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-३
५. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-३
१३. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तेरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
१५. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-२
१८. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-२,४
१९. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-३
२०. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-१,२
२१. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-३
२४. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-३
२६. सलमान, संजय, शिल्पा की 'ओ बाबा ओ बाबा' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 5888



Jagrutidaur.com, Bangalore

मस्तक पर होती हैं 7 लकीरें सबसे ताकतवर हैं शनि रेखा

मान्यता है कि माथे पर बनी किस्मत की रेखाओं के अनुसार ही व्यक्ति का जीवन चलता है। इन रेखाओं के अनुसार ही किस्मत बनती और बिगड़ती है। लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि माथे पर बनी हर रेखा का एक गृह से संबंध है। जैसे सबसे ऊपर वाली रेखा को शनि रेखा कहा जाता है। यानी शनि ग्रह की स्थिति का असर इस पर पड़ता है। इसी तरह दूसरे नंबर वाली रेखा गुरु रेखा कहलाती है। वृहस्तपति से इसका सीधा संबंध है। इसके बाद क्रमशः मंगल रेखा, बुध रेखा, शुक्र रेखा, सूर्य रेखा और चंद्र रेखा आती हैं।

किस्मत बदल सकती है शनि रेखा

माथे पर स्थित सबसे ऊपर वाली शनि रेखा में बहुत शक्ति होती है। ज्योतिष कहता है कि इसी कारण इसे सबसे ऊपरी का स्थान मिला है। समुद्र लक्षण विज्ञान में इसके बारे में विस्तार से बताया गया है। शनि रेखा अधिक लंबी नहीं होती है। केवल माथे के बीच में ही दिखाई देती है। समुद्र लक्षण विज्ञान कहता है कि इस रेखा के आसपास का हिस्सा शनि देव और शनि ग्रह से प्रभावित होता है।

मान्यता है कि जिस व्यक्ति के मारे पर यह रेखा साफ दिखाई देती है, वह गंभीर स्वभाव का होता है। वहीं, जिन लोगों का माथा थोड़ा उठा होता है और शनि रेखा स्पष्ट दिखाई देती है, वे अहंकारी होते हैं। ऐसे लोगों का स्वभाव रहस्यमयी भी होता है। इनके बारे में दूसरे को ज्यादा जानकारी नहीं होती है। ऐसे ही लोग जादूगर और तांत्रिक बनते हैं। जिन लोगों पर शनि देव प्रसन्न होते हैं, उनके लिए अच्छा वक्त शुरू हो जाता है। ज्योतिषियों की सलाह पर शनि देव की आराधना करें।

माथे की लकीरें बताती हैं कितनी रहेगी उम्र

शरीर लक्षण विज्ञान के अनुसार मस्तक की रेखाओं को देखकर किसी भी व्यक्ति की उम्र का अनुमान लगाया जा सकता है। मस्तक पर दो पूर्ण रेखाएं हो तो व्यक्ति की उम्र लगभग 60 वर्ष होती है। वहीं सामान्य मस्तक पर तीन शुभ रेखाएं हो तो व्यक्ति करीब 75 वर्ष की आयु प्राप्त करता है। यदि मस्तक श्रेष्ठ हो तो जातक की उम्र और भी अधिक होती है। निम्न ललाट पर भी शुभ गुणों से युक्त चार रेखाएं हों तो जातक की आयु लगभग 75 वर्ष होती है।

सामान्य मस्तक पर पांच उत्तम रेखाएं हों तो ऐसे जातक सौ वर्ष तक सुख भोगते हैं। यदि उन्नत मस्तक पर पांच से अधिक रेखाएं हों तो जातक की आयु मध्यम और यदि मस्तक निम्न श्रेणी का हो तो जातक अल्पायु होता है। मस्तक की किन्हीं दो रेखाओं के किनारे आपस में एक-दूसरे का स्पर्श करते हैं तो ऐसे जातक की आयु करीब 60 वर्ष होती है। मस्तक पर यदि कोई रेखा न हो तो व्यक्ति 25 से 40 वर्ष की आयु में पीड़ा पाता है।

सूडोकू नवताल- 6405

★★★☆☆
मध्यम

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -6404 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

विचार प्रवाह

दूध उबल रहा है तो उसे शांत करने के दो ही तरीके हैं या तो उस पर ठंडा पानी डाल दो या फिर गैस बंद कर दो। ठीक इसी तरह सामने वाला अगर क्रोध में उबल रहा है तो उसे शांत करने के दो ही तरीके हैं या तो आप चुप हो जाइये या फिर वहां से हट जाइये। जहां दूसरों को समझाना मुश्किल हो जाए वहां खुद को समझा लेना ही बेहतर है। चुप्पी कई सवालों का जवाब हुआ करती है। कुछ सवालों का जवाब चुप्पी से देना सीखो।

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7445



बाएँ से दाएँ

1. रुद्र,शिव,भैरव-4
4. आयुर्वेद के जनक-3
6. भीगा हुआ-2
7. ताला(अंग्रेजी-2)
9. शेविंग करना -4
11. योग्य,अनुरूप-3
12. अल्सर-3
13. ज्वालामुखी से निकला गर्म द्रव-2
14. नमाज पढ़ने से पहले हाथ- पांव धोना-2
15. नाप जोख करना-3
17. अनुमान लगाना-3
19. उदारता,बड़प्पन-4
21. गाथा,कहानी -2
23. जनकपुत्री-2
24. जिज्ञासा,उत्साह-3
25. राजा,सम्राट- 4

ऊपर से नीचे

1. इच्छुक,अलमस्त-4
2. मात,पराजय-2
3. बोलने का तरीका-3
4. अचंभित-3
5. आर्ट,हुनर-2
8. गुनाह,अपराध-3
9. अटक-अटक कर बोलना-4
10. सरुर,खुमार,नशा, घमंड-2
12. नजाकत-4
15. अभिनेता,कप्तान-3
16. आनंद बोधक शब्द-2
18. सम्राट,राजा-4
19. व्यंग,परिहास-3
20. मुलायम-3
22. परात,बड़ी थाली-2
23. हलवा,एक मिष्ठान्न-2

शब्द पहेली -7444 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

स्व सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देने में किया जा रहा भेदभाव !

जिला पंचायत ने तिरंगा बनाने फंदा को दिया 70 लाख का ठेका, बैरसिया को नहीं मिला मौका।

भोपाल (यश भारत)। राजधानी के ग्रामीण इलाकों में संचालित स्वसहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देने के लिए राज्य सरकार हर प्रयास कर रही है। लेकिन बड़े अधिकारी इस पर पतीला लगाने में जुटे हैं। जिला पंचायत के अधिकारी स्वसहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देने में भेदभाव कर रहे हैं। दरअसल राजधानी में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा फहराने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए ग्रामीण इलाकों में स्वसहायता समूह की महिलाओं को साढ़े तीन लाख झंडे बनाने का काम दिया गया है। ऐसे में आरोप लगाए जा रहे हैं कि जिला पंचायत के अधिकारियों ने मनमानी करते हुए करीब 70 लाख का ठेका फंदा पंचायत की महिलाओं को दे दिया गया। जबकि बैरसिया ब्लाक की महिलाएं स्वरोजगार के लिए अधिकरियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। बता दें कि नगर निगम भोपाल अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा फहराने के लिए पांच लाख झंडों कर खरीदी कर रहा है। इनमें दो लाख झंडे बनाने का काम जिला पंचायत ने समर्थन संकुल केंद्र को सौंपा है। इसके साथ ही जिला पंचायत भी डेढ़ लाख झंडे इन्हीं महिलाओं से बनवा रहा है। बैरसिया ब्लाक की महिलाओं का आरोप है कि भोपाल जिले में दो ब्लाक बैरसिया और फंदा शामिल है। अब तक जिले में आने वाले स्वसहायता समूहों के सभी काम दोनों ब्लाक की महिलाओं को दिया जाता था। लेकिन इस बार अधिकारियों ने बैरसिया के साथ पक्षपात करते हुए साढ़े तीन लाख झंडे बनाने का काम फंदा ब्लाक के स्वसहायता समूहों को दे दिया। महिलाओं ने बताया कि जिस दिन झंडे बनाने का काम दिया जा रहा था, दोनों ही ब्लाकों के समूहों को बुलाया गया था। लेकिन बैरसिया ब्लाक की महिलाओं के झंडे रिजेक्ट कर दिए गए और फंदा ब्लाक को झंडा बनाने का काम दे दिया गया।

अधिकारियों से मिलीभगत के आरोप

महिलाओं का कहना है कि जिला पंचायत के अधिकारियों ने समर्थन संकुल केंद्र की महिलाओं से मिलीभगत कर उन्हें काम दे दिया। 11 अगस्त से पहले इन झंडो की आपूर्ति करनी है। लेकिन तिरंगो की संख्या अधिक होने की वजह से महिलाएं इसे बनाने में पिछड़ रही हैं। हालांकि समर्थन संकुल केंद्र की अध्यक्ष ने काम की अधिकता को देखते हुए बैरसिया ब्लाक के स्वसहायता समूहों से भी तिरंगा बनाने के लिए संपर्क किया था। लेकिन एक झंडा बनाने के लिए तीन रुपये दिया जाने से बैरसिया की महिलाओं ने मना कर दिया। उनका कहना था कि जिसे झंडे को बनाने के लिए फंदा को 20 रुपये मिल रहे हैं, उसके लिए बैरसिया की महिलाएं तीन रुपये में क्यों करें। वहीं अधिकारी ध्मकी दे रहे हैं कि यदि तीन रुपये में झंडा नहीं बनाया तो आगे से सारे काम भी बंद कर देंगे।

बीस रुपये में खरीदा जा रहा ढाई रुपये का झंडा

बताया जा रहा है कि फंदा ब्लाक कि महिलाएं जो झंडा बना रही हैं। वह कपड़ा 48 रुपये मीटर खरीदा गया है। इतने में 10 बाई 15 सेंटीमीटर के करीब 25 झंडे बनाए जा सकते हैं। ऐसे में एक झंडा बनाने में केवल ढाई रुपये का कपड़ा लग रहा है। वहीं झंडा फहराने के लिए बांस की खपच्चियां भी स्वसहायता समूहों से खरीदना है। ये काम भी फंदा की महिलाओं को दिया गया है। दो फीट की बांस की डंडी डेढ़ रुपये और चार फीट की डंडी 2.75 रुपये में खरीदी जा रही है।

काम इतना अधिक नहीं था कि दोनों ब्लाक के स्वसहायता समूहों को दिया जा सके। फंदा ब्लाक में ही जो महिलाएं काम कर रही हैं, इससे उन्हें बमुश्किल आठ से दस हजार रुपये की बचत हो पाएगी।

– रितुराज सिंह, सीईओ जिला पंचायत भोपाल

किसानों के ऋण आवेदन पर 30 दिनों में करना होगा निर्णय

सरकार ने लोक सेवा गारंटी कानून में शामिल की सहकारिता विभाग की सेवा

सहकारी समिति की सदस्यता के आवेदन का निराकरण करने की अवधि भी निर्धारित की

भोपाल (यश भारत)। प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों से ऋण प्राप्त करने के लिए किसानों को अब अधिक इंतजार नहीं करना होगा। उनके आवेदन पर समिति को 30 दिन में निर्णय करना होगा। इसी तरह कोई किसान समिति का सदस्य बनना चाहता है तो उसके आवेदन पर भी निर्णय 30 दिन में ही लेना होगा। इसके लिए सरकार ने सहकारिता विभाग की किसानों से जुड़ी इन सेवाओं को लोक सेवा गारंटी कानून के दायरे में लाने का निर्णय लिया है। प्रदेश में प्रतिवर्ष 30 लाख से अधिक किसान प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों से खरीफ और रबी फसलों के लिए ऋण लेते हैं। इसमें 75 प्रतिशत राशि नकद और शेष 25 प्रतिशत ऋण सामग्री के तौर पर दिया जाता है। कृषि ऋण पर कोई ब्याज नहीं लिया जाता है। सहकारी बैंकों को सरकार ब्याज की प्रतिपूर्ति के लिए वार्षिक 800 करोड़ रुपये का अनुदान देती है। सभी किसानों को इस सुविधा का लाभ मिले, इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सहकारिता विभाग की इन सेवाओं को लोक सेवा गारंटी कानून के अंतर्गत लाने का निर्णय लिया है। इसके तहत समिति के सदस्य कृषक के ऋण संबंधी आवेदन का निराकरण प्रबंधक यदि 30 दिनों में नहीं करता है तो किसान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास अपील कर सकेगा। इस स्तर पर भी तीस दिन में आवेदन का निराकरण करना होगा। इसी तरह कोई किसान प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का सदस्य बनना चाहता है तो उसके आवेदन पर तीस दिन में निर्णय करना होगा। यदि कोई समिति अपना पंजीयन निरस्त कराना चाहती है तो उस पर निर्णय लेने की अवधि तय कर दी गई है। तीस दिन में निर्णय लेकर संबंधित को सूचित किया जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग ने अपडेट नहीं किया अपना पोर्टल शिक्षकों के स्थानांतरण में होगी परेशानी

पोर्टल पर जिन स्कूलों में रिक्त पद दर्शा रहें, वहां पहले से ही शिक्षक हैं पदस्थ।



HPU Student Portal Login - hpuniv.ac.in login

भोपाल (यश भारत)। स्कूल शिक्षा विभाग ने स्थानांतरण नीति बना ली है। इस बार भी आनलाइन प्रक्रिया अपनाई जाएगी, लेकिन शिक्षा पोर्टल को अपडेट नहीं किया गया है। पोर्टल पर जिन स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पद दर्शा रहे हैं, उन स्कूलों में शिक्षक पहले से पदस्थ हैं। भोपाल जिले के कई स्कूलों में ऐसे उदाहरण सामने आ रहे हैं कि पोर्टल पर रिक्त पदों पर शिक्षक पदस्थ हैं। वहीं कुछ शिक्षकों का स्थानांतरण हो भी गया है, लेकिन उनका नाम पुराने स्कूल में ही दर्ज है। अब ऐसे में तीन अगस्त सीएम राइज स्कूलों में पदस्थ परीक्षा में शामिल नहीं हुए शिक्षकों को पोर्टल पर तीन अगस्त तक च्वाइस फिलिंग करना है, लेकिन पोर्टल अपडेट नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। सीएम राइज स्कूलों में पूर्व से पदस्थ शिक्षकों को च्वाइस फिलिंग करना है सीएम राइज स्कूलों के पूर्व से पदस्थ शिक्षकों की पोर्टल पर च्वाइस फिलिंग शिक्षा विभाग का पोर्टल अपडेट नहीं होने एवं पोर्टल नहीं खुलने के कारण से समस्या हो रही है । विभाग ने च्वाइस फिलिंग के लिए अंतिम तिथि तीन अगस्त घोषित की है, जबकि पूरे प्रदेश के 3000 शिक्षक और राजधानी भोपाल के 175 शिक्षक पिछले छह दिनों से एमपी आनलाइन केन्द्रों पर चक्कर काट रहे है लेकिन पोर्टल अपडेट नहीं से शिक्षक च्वाइस फिलिंग नहीं कर पा रहे हैं। पोर्टल पर जो रिक्त पद प्रदर्शित हो रहे है वह भी विगत दो वर्षों पूर्व के रिक्त पद दर्शाए जा रहे हैं, जिनमें से अधिकांश पद पूर्व से ही भरे हुए है, जबकि राजधानी में अति शेष शिक्षकों की भरमार है। ऐसे में भोपाल सीएम राइज स्कूलों में पूर्व से पदस्थ 175 शिक्षकों का अन्यत्र शालाओं में समायोजन करना शिक्षा विभाग के लिए सिरदर्द बन गया है। वही दूसरी और पोर्टल अपडेट नहीं होने से शिक्षा विभाग एवं शिक्षक भी परेशान है। अभी सिर्फ सीएम राइज स्कूलों के शिक्षकों को अन्यत्र शालाओं में पदस्थ करने के लिए आनलाइनच्वाइस फिलिंगहोरही है।

रिक्त पद भरे हुए हैं

शासकीय माध्यमिक स्कूल हाउसिंग बोर्ड, आरिफ नगर, संजय नगर, ग्रीन पार्क, नई जेल, जीवन ज्योति इत्यादि स्कूलों में प्राथमिक शिक्षक के पद रिक्त है, लेकिन पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे है। जिन शालाओं में शिक्षक की आवश्यकता है। वहीं पद प्रदर्शित नहीं हो रहे है ।

यहां है गड़बड़ी

पोर्टल पर जिन स्कूलों में पद रिक्त प्रदर्शित हो रहे हैं। वहां पर पर पूर्व से ही शिक्षक पदस्थ हैं जैसे शासकीय माध्यमिक स्कूल हाउसिंग बोर्ड में सहायक शिक्षा विज्ञान विषय के मुन्ना सिंह , शासकीय माध्यमिक स्कूल ब्रिजीशिया में गणित विषय के शिक्षक नरेंद्र चंद्रावत, शासकीय माध्यमिक स्कूल भीमनगर में गणित के आशीष नागर , शासकीय माध्यमिक स्कूल कोकता में विज्ञान में नीलेश आर्य पूर्व से पदस्थ हैं, लेकिन पोर्टल पर उपरोक्त शालाओं में पद रिक्त बताया जा रहा है।

नगर निगम क्षेत्र में व्यवसायिक लायसेंस की नई दरें लागू

पथकर विक्रेताओं को रहेगी छूट

भोपाल (यश भारत)। नगर निगम प्रशासन द्वारा एक अगस्त 2022 से निगम सीमा के अंतर्गत किसी भी प्रकार के व्यवसाय या व्यापार करने वाले व्यवसायियों से लिए जा रहे शुल्क में आंशिक संशोधन किया गया है। इसके अनुसार गलियों एवं एकल रोड पर (चौड़ाई 7.5 मीटर तक) स्थित प्रतिष्ठान से चार रुपये प्रति वर्गफिट की दर से शुल्क लिया जाएगा। जबकि डबल रोड या मुख्य मार्ग (चौड़ाई 7.5 मीटर से 15 मीटर तक) पर स्थित प्रतिष्ठान से पांच रुपये प्रति वर्गफिट की दर से तथा फोरलेन या इससे अधिक लेन की सड़क (चौड़ाई 15 मीटर से अधिक) पर छह रुपये प्रति वर्गफिट की पुनरीक्षित दर निर्धारित की गई है। इसी प्रकार औद्योगिक ईकाइयों पर केवल उत्पादन कार्य में संलग्न संस्थानों के लिए 0-10 हजार वर्गफिट हेतु लायसेंस शुल्क की दर तीन हजार 600 रुपये, 10 हजार से 50 हजार वर्गफिट तक पांच हजार रुपये तथा 50 हजार वर्गफिट से अधिक क्षेत्र वाली औद्योगिक ईकाई से सात हजार रुपये लायसेंस शुल्क लिया जाएगा। इसी प्रकार फोरलेन सड़क के दोनों ओर 100 मीटर की परिधि में छह रुपये प्रति वर्गफिट की दर से शुल्क वसूला जाएगा। जबकि कच्ची दुकान / गुमठी के लिए न्यूनतम व्यवसायिक लायसेंस शुल्क 250 रुपये, पक्की दुकानों के लिए लायसेंस शुल्क 500 रुपये, जबकि पथकर विक्रेता व्यवसायिक लायसेंस से मुक्त रहेंगे। सभी लायसेंस ऑन लाईन पोर्टल पर ही जारी किए जायेंगे और यथा संभव व्यवसायी को साफ्ट कापी से ही दस्तावेज लेकर आनलाईन लायसेंस जारी किए जायेंगे।

राजधानी में एक लाख से अधिक व्यवसायिक प्रापर्टी

शहर में करीब एक लाख से अधिक व्यवसायिक प्रापर्टी है। ऐसे में व्यसायिक लायसेंस की दरें बढ़ने से एक ओर जहां रहवासियों को जेब ढीली करनी पड़ेगी। वहीं नगर निगम आर्थिक तंगी से उबर सकेगा। विशेषज्ञों के अनुसार नई दरें लागू होने से सालाना निगम को 50 करोड़ रुपये का लाभ होगा। ता था लेकिन विभाग की सतर्कता से इसे पहले ही पकड़ लिया गया है।

फुटवियर विक्रेता से लोन के नाम पर सात लाख की ठगी मामले में एक गिरफ्तार

भोपाल (यश भारत)। हनुमानगंज थाना पुलिस ने एक फुटवियर कारोबार के सात लाख रुपये के स्वीकृत लोन को हड़पने के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अभी चार लोगों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। इस वारदात में बैंक प्रबंधन की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है।

हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक टीला जमालपुरा निवासी कन्हैयालाल डाबी फुटवियर बेचने का काम करता है। उसकी न्यू मार्केट में फुटपाथ पर दुकान लगती थी। वर्षङ्क2018 में कन्हैयालाल ने स्वयं की दुकान खरीदने के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लिए मुख्यमंत्री निवास में आवेदन लगाया था। उसका प्रकरण जिला प्रशासन के पास भेजा गया था। वहां से मामले को लोन स्वीकृति की प्रक्रिया के लिए नगर निगम प्रशासन के पास भेजा गया था। इस बीच फरवरीङ्क2020 में लोन स्वीकृत कराने के सिलसिले में कन्हैयालाल का परिचय बैरसिया रोड स्थित सिंडीकेंट बैंक में कबीटपुरा निवासी जमनाप्रसाद नाम के व्यक्ति से हुआ। जमनाप्रसाद ने कहा कि वह बैंक मैनेजर से कहकर लोन स्वीकृत करा देगा। उसके कहने पर कन्हैयालाल ने तमाम जरूरी कागजात जमनाप्रसाद को थमा दिए। जमनाप्रसाद ने कन्हैयालाल को बैंक के मैनेजर से भी मिलवाया था। इससे कन्हैयालाल को भरोसा जम गया था। इसके बाद कन्हैयालाल के दस्तावेजों से सात लाख का लोन स्वीकृत होने पर जमनाप्रसाद ने किसी फर्म का कोटेशन लगवाकर उस फर्म के नाम पर बने डिमांड ड्राफ्ट पर कन्हैयालाल के हस्ताक्षर करवा लिए। कन्हैयालाल से बोला गया कि अब संबंधित फर्म से फुटवियर का माल तुम्हारे पास पहुंचेगा, लेकिन कन्हैयाल के पास किसी तरह का फुटवियर का कोई सामान नहीं पहुंचा। इस बारे में कन्हैयालाल ने जमनाप्रसाद व बैंक मैनेजर से पूछताछ की तो पहले तो वे लोग गोलमोल जवाब देते रहे। इसके बाद उन-?होंने भारतीय स्टेट बैंक सुल्तानिया रोड शाखा का एक डेढ़ लाख रुपये का चेक कन्हैयालाल को थमा दिया। कन्हैयालाल वह चेक लेकर बैंक पहुंचा, तो वह चेक भी बैंक से बाउंस हो गया था। इसके बाद उसने पूरे मामले की लिखित शिकायत थाने में की थी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने ठगी, जालसाजी का केस दर्ज किया था। आरोपित जमनाप्रसाद को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया था। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। अन-?य फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है।

होम स्टे के निर्माण और उन्नयन के लिए दो लाख रुपये अनुदान देगी सरकार

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग ई-तकनीक को बढ़ावा दे रहा है।

भोपाल (यश भारत)। ग्रामीण पर्यटन परियोजना के तहत पर्यटकों को होम स्टे की सुविधा उपलब्ध करा रहे ग्रामीणों को होम स्टे निर्माण और उन्नयन के लिए अब अनुदान दिया जाएगा। नए होम स्टे के निर्माण के लिए निर्माण लागत का 40 प्रतिशत या दो लाख रुपये तक और उन्नयन के लिए एक लाख 20 हजार रुपये तक अनुदान देने की मंजूरी कैबिनेट ने दे दी है। अनुदान राशि दो किस्तों में दी जाएगी। ज्ञात हो कि ग्रामों में पर्यटकों को होम स्टे की सुविधा वर्तमान में भी उपलब्ध कराई जा रही है। पर्यटन विभाग ग्रामीण पर्यटन परियोजना के तहत मध्य प्रदेश ग्राम स्टे, फार्म स्टे, बेड एंड ब्रेकफास्ट और होम स्टे आदि योजनाएं संचालित करता है। इनके तहत शहरी क्षेत्र के पर्यटकों को ग्रामीण परिवेश का अनुभव कराया जाता है। परियोजना के पहले चरण में प्रदेश के सौ ग्रामों में गतिविधि संचालित की जाएंगी। पर्यटकों को ग्रामीण परिवेश, ग्रामीण खानपान, रहन-सहन का अनुभव कराया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक ग्राम में करीब 10 परिवार (यानी एक हजार परिवारों) पर्यटकों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराएंगे। ये परिवार एक हजार होम स्टे कक्षों का निर्माण और उन्नयन करेंगे। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 20 हजार ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिलेगा। वहीं पर्यटकों को ठहरने, स्थानीय भोजन की उत्तम व्यवस्था मिलेगी। पर्यटक स्थानीय कला एवं हस्तकला, लोक संगीत एवं नृत्य, स्थानीय खेलकूद और कौशल का भी आनंद ले सकेंगे।

तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने पर कर्मचारियों ने किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन

कर्मचारियों का महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ाने पर मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ, राज्य कर्मचारी संघ, निगम--मंडल कर्मचारी संघ सहित विभिन्न् कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का अभिनंदन किया। कर्मचारी नेता मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कर्मचारी नेता सुधीर नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में महंगाई भत्ता बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब राज्य के कर्मचारी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता प्राप्त करेंगे। इसके पहले भी आठ प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया गया। मुख्यमंत्री प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं को समझ कर समय पर उचित निर्णय लेते हैं। यह मुख्यमंत्री की सहृदयता है। इस मौके पर सामान्य वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष शिव चौबे, सुल्तान सिंह शेखावत, अजय श्रीवास्तव, डीके यादव, हेमंत श्रीवास्तव, हेमंत कपूर, ओपी कटियार, अनूप भार्गव, आशीष सोनी, सुनील श्रीवास्तव, अभय प्रधान, राजकुमार सिंह, फौजदार और अन्य संगठनों के अधिकारी-कर्मचारी, सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैरागढ़ में शासकीय कर्मचारी के घर ईओडब्ल्यू की छापामार कार्रवाई

भोपाल (यश भारत) राजधानी के संत हिरदाराम नगर में मिनी मार्केट रोड स्थित एक शासकीय कर्मचारी के यहां आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) की ने बुधवार सुबह छापामारी कार्रवाई की। टीम ने मौके पर पहुंचते ही परिवार के सदस्यों के घर से बाहर जाने पर रोक लगा दी और दस्तावेजों को अपने कब्जे में छानबीन शुरू कर दी। इस छापामार कार्रवाई के दौरान आरोपित कर्मचारी की तबीयत बिगड़ गई। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। कर्मचारी के आवास के बाहर पुलिस बल तैनात है। टीम आय से अधिक संपतति के मामले में कार्रवाई करने पहुंची है। कर्मचारी का नाम हीरो केसवानी है। वह वल्लभ भवन में बतौर क्लर्क पदस्थ है। विभाग को उसके खिलाफ लंबे समय से भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही थीं। सुबह करीब 8~00 बजे से ईओडब्ल्यू की टीम घर में तलाशी लेते हुए दस्तावेजों की पड़ताल कर रही है।

बोर्ड आफिस के पास एटीएम लूटने की कोशिश पुलिस छानबीन में जुटी

भोपाल (यश भारत)। माध्यमिक शिक्षा मंडल के पास लगे यूको बैंक के एटीएम में चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना से पहले एटीएम में करीब 12 लाख रुपये भरे गए थे। उसके बाद इस एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी की कोशिश की गई, लेकिन चोर तमाम कोशिशों के बाद भी रुपये चुराने में असफल रहे। चौंकाने वाली बात यह है कि एटीएम में सीसीटीवी तो लगे थे और चालू भी थे, लेकिन रिकार्डिंग नहीं करते थे। एमपी नगर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के एक किमी दायरे के सीसीटीवी फुटेज खंगाल लिए हैं। फिलहाल पुलिस को इसमें कुछ नजर नहीं आया है। साथ ही पुराने बदमाशों से पूछताछ का सिलसिला भी शुरू हो गया है। पुलिस ने 10 बदमाशों को तलब किया है। पुलिस उन बदमाशों की जानकारी जुटा रही है, जिन-?होंने पांच साल पहले यूको बैंक के बगल के एटीएम में चोरी की वारदात की थी।

एमपीनगर थाना पुलिस के मुताबिक यूको बैंक के हबीबगंज ब्रांच के प्रबंधक अंकुर श्रीवास्तव ने शिकायत की थी कि उनके पास एक ग्राहक ने सूचना दी है कि उनका एटीएम टूटा पड़ा है। इस पर मौके पर जाकर देखा तो एटीएम के ऊपर का हिस्सा टूटा पड़ा था। तत्काल तकनीकी टीम को बुलाकर मुआयना कराया गया। उसके बाद एमपीनगर थाने में शिकायत की। इस पर एफआइआर दर्ज कर ली गई।

एटीएम के कैमरे नहीं कर रहे थे रिकार्डिंग

यूको बैंक के जिस एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी की कोशिश की गई है, उसमें घटना के पहले 12 लाख की नकदी भरी गई थी, जो बच गए। उसके अंदर कैमरे चालू थे, लेकिन वे तकनीकी खराबी के कारण रिकार्डिंग नहीं कर रहे थे। पुलिस घटना सोमवार शाम पांच बजे से लेकर मंगलवार दस बजे की बता रही है।

सूर्यकुमार के 76 रन की बदौलत भारत ने तीसरा टी-20 जीता

वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया

मुंबई (एजेंसी)। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का तीसरा मुकाबला सेंट किट्स के वार्नर मैदान में खेला गया। वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की। उसने भारत को 165 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में भारत ने 19 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्यकुमार ने मैच विनिंग पारी खेली।

ऋषभ पंत ने नाबाद पारी खेली

भारत ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाए। कायल मेयर्स ने सबसे ज्यादा 73 रन की पारी खेली। जवाब में भारत ने सूर्यकुमार के 76 रन की बदौलत 19 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है।
कप्तान रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट हुए। जब ऐसा हुआ तब वह पांच गेंदों में 11 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। ऋषभ पंत ने 26 गेंदों में 33 रन और दीपक हुड्डा ने 10 रन की नाबाद पारी खेली। सीरीज के आखिरी दो मैच छह और सात अगस्त को फ्लोरिडा के लॉडरहिल में खेले जाएंगे।

रन चेज करते हुए 19वीं जीत

भारत का यह टी-20 में चेज करते हुए जुलाई 2019 के बाद से पिछले 21 मैचों में 19वीं जीत है। इस दौरान टीम इंडिया सिर्फ दो मैच हारी है। यह वार्नर स्टेडियम में सबसे बड़ा रन चेज भी है। इससे पहले वेस्टइंडीज ने इस मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ 2017 में 147 रन चेज किया था। इस जीत के साथ भारत ने पाकिस्तान के एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी भी की। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 15वां टी-20 मुकाबला जीता। वहीं, पाकिस्तान की टीम ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ 21 टी-20 में से 15 मैच जीते हैं।

वेस्टइंडीज की पारी

टॉस हारकर पहल बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी रही। ब्रैंडन किंग और कायल मेयर्स ने पहले विकेट के लए 57 रन की साझेदारी हुई। किंग को हार्दिक पांड्या ने क्लीन बोल्ड किया। उन्होंने 20 गेंदों में 20 रन की पारी खेली। इसके बाद मेयर्स ने कप्तान निकोलस पूरन के साथ 50 रन की साझेदारी निभाई। पूरन 22 रन बनाकर आउट हुए। मेयर्स ने अर्धशतक लगाया और 50 गेंदों में 73 रन बनाकर आउट हुए। अपनी पारी में उन्होंने आठ चौके और चार छक्के लगाए।

हार्दिक पांड्या

रोवमन पॉवेल ने 14 गेंदों में 23 रन और शिमरोन हेटमायर ने 12 गेंदों में 20 रन की पारी खेली। डेवोन थॉमस और जेसन होल्डर एक रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह वेस्टइंडीज की टीम 164 रन ही बना सकी। भारत की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। वहीं, हार्दिक पांड्या और अर्शदीप सिंह को एक-एक विकेट मिला।

भारत की पारी

165 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को तब झटका लगा जब कप्तान रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट हो गए। तब वह पांच गेंदों में 11 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। रोहित तब तकल एक चौका औ एक छक्का लगा चुके थे। इसके बाद सूर्यकुमार यादव और श्रेयस अय्यर ने दूसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी निभाई। श्रेयस 27 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए।

ऋषभ पंत

सूर्यकुमार यादव 44 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के की मदद से 76 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें डोमिनिक ड्रेक्स ने अल्जारी जोसेफ के हाथों कैच कराया। इसके बाद ऋषभ पंत ने हार्दिक पांड्या के साथ मिलकर 14 रन की साझेदारी निभाई। हार्दिक चार रन बनाकर आउट हुए।

टीम इंडिया की जीत के बाद पंत का बल्ला चेक करते होल्डर

फिर पंत ने दीपक हुड्डा के साथ मिलकर 19 ओवर में टीम इंडिया को जीत दिला दी। पंत 26 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 33 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं हुड्डा 10 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से ड्रेक्स, होल्डर और अकील हुसैन ने एक-एक विकेट लिया।

SHREYAS
41
BYJU'S
INDIA

28 अगस्त को भारत का सामना पाकिस्तान से, यूएई में होगा टूर्नामेंट

एशिया कप का शेड्यूल जारी

मुंबई (एजेंसी)। एशिया कप 2022 में भारत और पाकिस्तान का मैच 28 अगस्त को खेला जाएगा। टीम इंडिया अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ ही खेलेगी। इन दोनों टीमों को ग्रुप ए में रखा गया है। एशिया कप 2022 का शेड्यूल जारी हो चुका है। बीसीसीआई सचिव और एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष जय शाह ने सोशल मीडिया पर पूरा शेड्यूल जारी किया है। 27 अगस्त से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट में भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से है। इन दोनों टीमों को ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप ए में कुल तीन टीमें हैं, भारत और पाकिस्तान के अलावा क्लालिफायर राउंड में जीतने वाली टीम इस ग्रुप में जगह बनाएगी। श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश को ग्रुप बी में रखा गया है। इस टूर्नामेंट में 27 अगस्त से 11 सितंबर के बीच कुल 13 मैच खेले जाएंगे।

यूएई में होगा टूर्नामेंट

इस बार एशिया कप का आयोजन यूएई में किया जाएगा। पहले श्रीलंका को इस टूर्नामेंट की मेजबानी मिली थी, लेकिन वहां के हालात खराब होने की वजह से अब यूएई को इस टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। भारत और पाकिस्तान की टीमें एक दूसरे के यहां नहीं खेलना चाहती हैं। ऐसे में यूएई के अलावा श्रीलंका और बांग्लादेश ही मेजबानी के दावेदार थे और श्रीलंका को इस टूर्नामेंट की मेजबानी दी गई थी। श्रीलंका से यह टूर्नामेंट छिनने के बाद यूएई को इसकी मेजबानी मिली है। एशिया कप इस बार टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। 1984 में शुरू हुआ यह टूर्नामेंट 2014 तक 50 ओवर के फॉर्मेट में खेला गया। फिर 2016 में टी-20 विश्व कप की वजह से इसे टी-20 फॉर्मेट में खेला गया था। तब महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में भारतीय टीम ही चैंपियन बनी थी। 2018 में एक बार फिर इस टूर्नामेंट को वनडे फॉर्मेट में खेला गया और रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ही चैंपियन बनी थी। अब इस साल टी-20 विश्व कप की वजह से एक बार फिर से यह टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा।

एशिया कप में सभी टीमों का रिकॉर्ड

भारतीय टीम अब तक टूर्नामेंट के 13 संस्करणों में हिस्सा ले चुकी है और सबसे ज्यादा सात बार चैंपियन बनी है। इसके अलावा टीम तीन बार रनर-अप भी रही। दूसरे स्थान पर श्रीलंका है। श्रीलंकाई टीम पांच बार चैंपियन बनी है और छह बार रनर अप रही है। पाकिस्तान की टीम ने दो बार यह खिताब जीता है और दो बार वह रनर अप रही है। अगले साल फिर से यह टूर्नामेंट वनडे फॉर्मेट में लौट आएगा।

पांचवें दिन भारत को चार पदक

लॉन बॉल और टेबल टेनिस में जीता स्वर्ण

वेटलिफ्टर विकास और बैडमिंटन टीम को रजत

मुंबई (एजेंसी)। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत अब तक कुल 13 पदक जीत चुका है, जिसमें पांच स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। लॉन बॉल में भारतीय महिला टीम ने इतिहास रचते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर लिया। उसने दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराया। टेबल टेनिस में पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक जीत लिया है। विकास ठाकुर ने वेटलिफ्टिंग में रजत जीता। वहीं, भारतीय बैडमिंटन टीम को रजत से ही संतोष करना पड़ा।

भारत के पदक विजेता

5 स्वर्ण: मीराबाई चानू, जेरेमी लालरिनुंगा, अंचिता शेउली, महिला लॉन बॉल टीम, टेबल टेनिस पुरुष टीम
5 रजत: संकेत सरगरी, बिंदियारानी देवी, सुशीला देवी, विकास ठाकुर, भारतीय बैडमिंटन टीम
3 कांस्य: गुरुराजा पुजारी, विजय कुमार यादव, हरजिंदर कौर

डिस्कस थ्रो में सीमा पूनिया पांचवें स्थान पर रहीं

महिला डिस्कस थ्रो में भारत को निराशा हाथ लगी। सीमा पूनिया फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं। उन्होंने छह अटैम्प्ट में से दो अटैम्प्ट फाउल रहे। पहले प्रयास में उन्होंने 52.28 मीटर दूर चक्का फेंका। इसके बाद दूसरे प्रयास में उन्होंने 55.92 मीटर दूर चक्का फेंका। तीसरे प्रयास में सीमा ने 52.30 मीटर दूर चक्का फेंका। चौथा और पांचवां प्रयास सीमा का फाउल रहा। छठे और आखिरी प्रयास में सीमा ने 53.81 मीटर दूर चक्का फेंका। इसी इवेंट में भारत की एक और एथलीट नवजीत कौर ढिल्लन आठवें स्थान पर रहीं। उन्होंने पहले प्रयास में 50.95 मीटर, दूसरे प्रयास में 53.14 मीटर दूर चक्का फेंका। तीसरा प्रयास नवजीत का फाउल रहा। चौथे प्रयास में नवजीत ने 52.21 मीटर दूर चक्का फेंका। पांचवें प्रयास में उन्होंने 52.46 मीटर दूर और छठे प्रयास में 53.51 मीटर दूर चक्का फेंका। नाइजीरिया की चिओमा ओनयेकवेरे ने 61.70 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण जीता। वहीं, इंग्लैंड की जेड लेली ने 58.42 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक हासिल किया। नाइजीरिया की ही ओबीगेरी आमाएची ने 56.99 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

भारतीय बैडमिंटन टीम फाइनल में हारी, रजत अपने नाम किया

भारतीय बैडमिंटन टीम को मिक्स्ड टीम इवेंट के फाइनल में मलेशिया के हाथों 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारतीय बैडमिंटन टीम का राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार दूसरी बार स्वर्ण जीतने का सपना अधूरा रह गया। भारत को रजत से ही संतोष करना पड़ा। भारतीय बैडमिंटन टीम ने 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। तब भारत ने फाइनल में मलेशिया को हराया था। यह भारत के लिए पांचवें दिन (मंगलवार) का चौथा पदक है। इससे पहले मंगलवार को भारतीय महिला लॉन बॉल टीम और पुरुष टेबल टेनिस टीम ने स्वर्ण जीता था। वहीं, वेटलिफ्टर विकास ने रजत पदक अपने नाम किया था। कुल मिलाकर 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में यह भारत का 13वां पदक रहा। पहले मैच में पुरुष डबल्स में सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को तेंग फोंग एरॉन चिया और वूई यिक सोह की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। मलेशियाई जोड़ी ने पहला गेम 21-18 और दूसरा गेम 21-15 से जीत लिया। इस तरह मलेशियाई टीम 1-0 से आगे हो गई। इसके बाद दूसरे मैच में पीवी सिंधु ने मलेशिया की जिन वेई गोह को हराया और स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहला गेम सिंधु ने 22-20 से अपने नाम किया। दोनों के बीच पहले गेम में कड़ी टक्कर देखने को मिली। एक वक्त स्कोर 18-18 और फिर 20-20 की बराबरी पर था। इसके बाद सिंधु ने लगातार दो पॉइंट जीतकर 22-20 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में सिंधु ने कड़े मुकाबले में 21-17 से जीत हासिल की। तीसरे मैच में किदांबी श्रीकांत को एंग त्जे योंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत कड़े मुकाबले में पहला गेम 21-19 से हार गए। इसके बाद दूसरा गेम श्रीकांत ने 21-6 से जीत लिया। तीसरे और निर्णायक गेम में एंग त्जे योंग ने श्रीकांत को 21-16 से हरा दिया। इस तरह भारतीय टीम 2-1 से पीछे हो गई। इसके बाद भारत को स्वर्ण के लिए बाकी बचे दोनों मैच जीतने थे। चौथे मैच में विमेंस डबल्स का मुकाबला हुआ। इसमें मलेशिया की कूंग ली पियर्ली तान और मुरलीधरन थिनाह की जोड़ी ने त्रिषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को 21-18, 21-17 से हरा दिया। इस तरह मलेशिया ने स्वर्ण पर कब्जा जमाया, जबकि भारत को रजत से ही संतोष करना पड़ा।

स्विमिंग पूल में 'पिया पिया' गाने पर अक्षरा सिंह ने किया डांस

मुंबई (एजेंसी)। भोजपुरी इंडस्ट्री की धाकड़ अभिनेत्री अक्षरा सिंह आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अभिनेत्री अपने फैंस के बीच हमेशा छाई रहती हैं। उनके गाने और फिल्मों का फैंस इंतजार करते हैं। इसके अलावा, अक्षरा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं और यहां पर अपने चाहने वालों के लिए खूबसूरत तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं और इस बार भी अभिनेत्री ने ऐसा ही किया है। अक्षरा का एक वीडियो सामने आया है, जिसे अभिनेत्री के साथ मिलकर उनकी दोस्त मनीषा रानी ने शेयर किया है। इस वीडियो में दोनों स्विमिंग पूल में मस्ती करती दिखीं।

भाषा विवाद किच्चा सुदीप को पड़ा भारी !

हिंदी दर्शकों को लुभाने में नाकाम हो रही फिल्म

मुंबई (एजेंसी)। इस साल बॉक्स ऑफिस पर साउथ की फिल्मों का बोलबाला है। साउथ सिनेमा की फिल्में बढ़िया प्रदर्शन कर रही हैं और इसी क्रम में पिछले हफ्ते रिलीज हुई कन्नड़ स्टार किच्चा सुदीप की पैन इंडिया फिल्म %विक्रांत रोणा% से भी दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। फिल्म को रिलीज हुई अभी छह दिन हो गए हैं और इसके कलेक्शन में दिन-ब-दिन गिरावट दर्ज की जी रही है। आइए आपको बताते हैं कि विक्रांत रोणा के लिए ये छह दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसे बीते। विक्रांत रोणा एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन अनूप भंडारी ने किया है। फिल्म की कहानी रहस्यमयी घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म में किच्चा सुदीप के साथ जैकलीन फर्नांडीज भी नजर आई हैं। 3डी फॉर्मेट में बनी विक्रांत रोणा फर्स्ट डे ग्रॉसर फिल्मों के मामले में कन्नड़ सिनेमा की टॉप पांच की लिस्ट में शुमार हो गई थी। वहीं, फिल्म को रिलीज के पहले दिन ही हिंदी भाषी दर्शकों ने नकार दिया था।विज्ञापनविक्रांत रोणा रिलीज के बाद बढ़िया प्रदर्शन कर रही थी, लेकिन वीकएंड के बाद से ही इसके कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई है। फिल्म ने पहले दिन 26.49 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 11.71 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 10.80 करोड़ का कारोबार किया था। पांचवें दिन फिल्म ने चार करोड़ का कलेक्शन किया था और हिंदी की बात करें तो यह मात्र सात लाख रुपये का कलेक्शन कर पाई थी। कन्नड़ में फिल्म ने 10.12 करोड़ का कारोबार किया था। वहीं, छठे दिन यह 3.50 करोड़ का कलेक्शन ही कर पाई है।95 करोड़ की लागत से बनी %विक्रांत रोणा% को 2500 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया है। इस फिल्म को लेकर मेकर्स को शुरुआत से ही उम्मीद थी कि यह हिंदी भाषा में बढ़िया प्रदर्शन करेगी। किच्चा सुदीप और जैकलीन के साथ ही सलमान खान ने भी जोर शोर से फिल्म का प्रमोशन किया था, लेकिन इसके बावजूद भी हिंदी भाषी लोगों को यह आकर्षित करने में असफल साबित हो रही है। इसको किच्चा सुदीप के हिंदी भाषा को लेकर दिए गए विवादित बयान से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

संजय कपूर की बेटी शनाया ने फैंस को दिखाया सिजलिंग अवतार

शनाया ने सोशल मीडिया पर अपनी तगड़ी फैन फॉलोइंग बना ली है

मुंबई (एजेंसी)। संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं लेकिन सिनेमा में आने से पहले ही शनाया ने सोशल मीडिया पर अपनी तगड़ी फैन फॉलोइंग बना ली है, जो शनाया की एक झलक पाने के लिए बेकरार रहते हैं। वह सोशल मीडिया पर जो भी शेयर करती हैं, वायरल हो जाता है। इन दिनों शनाया अपने दोस्तों के साथ वेकेशन पर हैं, वहां से शनाया ने अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं। शनाया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें उन्होंने अपना बोल्ड अवतार दिखाया है। पहली तस्वीर समंदर किनारे की है और फोटो में दिख रहा नजारा काफी सुंदर है। दूसरी फोटो में शनाया सेल्फी लेती दिख ही हैं। वहीं, आगे की तस्वीर में उन्होंने अपने दोस्तों के साथ खास झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में शनाया ने व्हाइट कलर का एक खूबसूरत आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वह कहर ढा रही हैं। शनाया ने व्हाइट कलर की बैकलेस शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वह सिजलिंग लग रही हैं। उनका ये अवतार फैंस का दिल धड़का रहा है। इन तस्वीरों में शनाया ने अपने लुक को काफी सिंपल रखा है, जिस वजह से उनका चेहरा और ज्यादा अट्रैक्टिव लग रहा है। शनाया की इन तस्वीरों पर उनकी मां महीप कपूर ने कमेंट करते हुए कई सारे हार्ट इमोजी भेजी है। इसके अलावा, फैंस भी इन तस्वीरों पर कमेंट किए हैं। शनाया कपूर बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। वह जल्द ही शशांक खेतान के निर्देशन में बनने वाली फिल्म बेधड़क में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जा रहा है। शनाया के अलावा, इस फिल्म में लक्ष्य और गुरफतेह पीरजादा जैसे सितारे भी नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म से जुड़ी बाकी जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में शनाया के फैंस जल्द ही उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेकरार है।

एक से अधिक मतदाता सूची में नाम है तो तुरंत होगी मतदाता की पहचान

कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

कटनी,यशभारत। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं के आधार क्रमांक स्वैच्छिक आधार पर लिए जाने के प्रावधान की जानकारी दी गई। सोमवार से शुरू आधार डाटा संग्रहण अभियान में प्रत्येक व्यक्ति जिसका नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज है, वो अपना आधार नंबर सम्मिलित कराने हेतु बीएलओ के पास आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। प्रभारी कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि आधार नंबर का डाटा संग्रहण व प्रमाणीकरण करने से एक से अधिक स्थानों पर नाम जुड़ने वाले मतदाताओं की पहचान हो सकेगी। आधार नंबर के संग्रहण हेतु बीएलओ, इआरओ अथवा ऑनलाइन पद्धति गरूड़ा एप, एनवीएसवी पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन एप, ईआरओ नेट के माध्यम से किया जा सकेगा। ऑफलाइन पद्धति से बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के आधार नंबर प्राप्त कर गरूड़ा एप में प्रविष्टि करेंगे।

11 दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे मतदाता

आधार नंबर संग्रहण पूर्णतः स्वैच्छिक है, इसलिए जो मतदाता किसी कारण से आधार नंबर नहीं दे सकेंगे, वे 11 वैकल्पिक दस्तावेजों में कोई एक दस्तावेज दे सकेंगे। मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, डाकघर की पासबुक, श्रम मंत्रालय की स्कीम के अधीन जारी स्वास्थ्य बीमा स्मॉर्ट कॉर्ड, चालान अनुज्ञप्ति, पैन कार्ड, एनपीआर के अधीन आरजीआई द्वारा जारी स्मॉर्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, छायाचित्र के साथ पेंशन दस्तावेज, केन्द्रीय, राज्य सरकार, पीएसयू, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किया पहचान पत्र, संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों, विधान परिषद के सदस्यों को जारी शासकीय पहचान पत्र और सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विशिष्ट पहचान पत्र शामिल है। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी आधार डाटा संग्रहण कार्य में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। जिसमें बीएलए के माध्यम से आधार संग्रहण के लिए मतदाताओं को जागरूक करने, मतदाताओं को बीएलओ के भौतिक सत्यापन में सहयोग, सभी दलों के पदाधिकारी, प्रतिनिधियों के आधार संग्रहण अनिवार्य रूप से हो, इसमें सहयोग करने और मतदाता सूची में नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

जबरिया सेवा शुल्क वसूला तो होटल, रेस्टारेंट संचालकों पर होगी कार्रवाई

कटनी,यशभारत। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकारण द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 अंतर्गत होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले खाद्य बिल में सेवा शुल्क जोड़कर भुगतान के लिए बाध्य नहीं कर सकते। साथ ही किसी अन्य नाम से सेवा शुल्क वसूल नहीं कर सकते हैं। सेवा शुल्क की इस प्रकार की जाने वाली वसूली को अवैधानिक मानते हुए इसे प्रतिबंधित किया गया है। कटनी जिले में यदि इस प्रकार का अवैधानिक शुल्क होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा वसूला जाता है तो उसकी शिकायत उपभोक्ता सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी के या कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला कटनी में कर सकते हैं। जिले के सभी नागरिकों से जिला आपूर्ति अधिकारी ने आग्रह किया है कि होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा जीएसटी के अतिरिक्त अन्य सेवा शुल्क न दें और अतिरिक्त अन्य सेवा शुल्क लिए जाने पर शिकायत दर्ज कराएं।

हर घर तिरंगा अभियान

उचित मूल्य दुकानों और ग्राम पंचायतों से मिलेंगे तिरंगे

कटनी,यशभारत। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले में 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले तिरंगा अभियान के तहत सभी कार्यालयों और संस्थाओं से उनके लिए जरूरी राष्ट्रीय ध्वज की संख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उचित मूल्य दुकानों, आनंदम घर और सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों से सशुल्क झंडे उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 वाई 15 इंच का छोटा राष्ट्रीय ध्वज 15 रूपए 75 पैसे में और 20 वाई 30 इंच आकार का राष्ट्रीय ध्वज 27 रूपये 50 पैसे में उपलब्ध कराया जाएगा। जिले को भारत सरकार से 64 हजार तिरंगे प्राप्त होंगे और रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से 40 हजार और तिरंगे मिलेंगे। श्री गोमे ने उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जन जागरूकता फैलाने के लिए प्रभात फेरी व जागरूकता रैलियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अलावा तिरंगा यात्रा और जनपद पंचायत मुख्यालयों में भी इससे संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला मुख्यालय पर एक शाम तिरंगे के नाम की राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु तैयारियां करने की हिदायत दी गई है।

मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

5 जनवरी को होगा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

कटनी,यशभारत। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम 25 जुलाई 2022 को जारी किया गया है। इस कार्यक्रम के अनुसार 4 अगस्त से 24 अक्टूबर 2022 तक पुनरीक्षण पूर्व की कार्यवाही की जाएगी। 9 नवंबर को वोटर लिस्ट का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा और 8 दिसंबर तक नाम जोड़ने तथा आपत्तियों के आवेदन प्रस्तुत किये जा सकेंगे। इसी अवधि में दो शनिवार एवं दो रविवार को विशेष केम्प होंगे, जिसमें बी.एल.ओ दिन भर मतदान केन्द्र में बैठकर आवेदन पत्र प्राप्त करेंगे।

26 दिसंबर तक आवेदन-पत्रों का निराकरण होगा और 5 जनवरी 2023 की वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन होगा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एक जनवरी 2023 की अर्हता तिथि को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। पुनरीक्षण एवं पुनरीक्षण पूर्व कार्यवाही राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के पहले पूर्ण कर ली जाएगी, जिससे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन समारोहपूर्वक नये युवा मतदाताओं को परिचय पत्र का वितरण किया जा सके। पुनरीक्षण पूर्व कार्यवाहियों में मतदान केन्द्र में 1500 से अधिक मतदाता होने पर मतदाताओं की संख्या अनुसार डेमोग्राफिक्र सिमिलर एंट्री (डी.एस.ई.), फोटो सिमिलर एंट्री (पी.एस.ई.) और एपिक कार्ड की दोहरी एंट्री समाप्त करना शामिल है।

साथ ही अस्पष्ट फोटो बदलना, मतदाता सूची में सेक्शन का पुनरीक्षण करना, ध्यान रखना कि परिवार के सदस्य एक स्थान पर रहे, मतदान केन्द्रों का सत्यापन कर अंतिम रूप देना, फार्मो की छपाई करना, पूरक सूचियों का एकीकरण करना और प्रारूप मतदाता सूची की तैयारी करना आदि कार्य भी शामिल हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान इस कार्य के पर्यवेक्षण की व्यवस्था भी की गयी है। संभागीय आयुक्त मतदाता सूची प्रेक्षक होंगे। उनके द्वारा संभाग के जिलों की मतदाता सूची की जाँच की जाएगी। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, रजिस्ट्रीकरण, अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भी कार्य का पर्यवेक्षण करेंगे।

542 शालाओं में एक साथ मना आजादी का अमृत महोत्सव

सेनानियों एवं शहीद सैनिकों के परिजनों का हुआ सम्मान

कटनी,यशभारत। म. प्र. शिक्षक संघ के निर्देशानुसार अखिल भारतीय शिक्षक महासंघ के मार्गदर्शन व म. प्र. शिक्षक संघ के निर्देशानुसार सारे मध्यप्रदेश के साथ-साथ कटनी जिले में भी स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की योजना बनाते हुए कार्यक्रम की पूर्व निर्धारित तिथि 01 अगस्त को जिले की लगभग 542 शासकीय एवं अशासकीय शालाओं का स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव कार्यक्रम मनाते हुए शालेय कार्यक्रमों में देश के स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अथवा उनके परिजनों एवं भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। समस्त आयोजक शालाओं में छात्र/छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन एवं कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों द्वारा वंदे मातरम् राष्ट्रगीत का गायन करते हुए आजादी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इंडिया से भारत बनने की थीम पर आख्यान प्रस्तुत किये गये। विभिन्न आयोजक शालाओं में कार्यक्रम के अंत में छात्रों को प्रसाद वितरित किया गया।.

मात्र 5 दिन में रोपे 23 लाख पौधे

हरियाली अमावस्या से शुरू हुआ प्रदेश व्यापी अभियान

कटनी,यशभारत। हरियाली अमावस्या 28 जुलाई से आरंभ महा-पौधरोपण अभियान में शुरू के 5 दिन में 22 लाख 92 हजार से अधिक पौध-रोपण हो चुका है। जन-साधारण से लेकर जन-प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी बड़ी संख्या में पौध-रोपण कर रहे हैं। अंकुर अभियान में अब तक 39 लाख 85 हजार से अधिक पौध-रोपण किया जाकर अंकुर-वायुदूत एप में अपलोड किया जा चुका है। पर्यावरण मंत्री हरदीपसिंह डंग ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चिंता को लेकर मध्यप्रदेश का पर्यावरण सुरक्षा के प्रति यह एक छोटा सा परंतु अति-महत्वपूर्ण योगदान है। आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ मिलेगा। मंत्री श्री डंग ने कहा कि बहुत सारे ऐसे लोग भी हैं, जो पौध-रोपण तो कर रहे हैं परंतु वायुदूत एप पर अपलोड न करने के कारण वे गिनती में नहीं आ रहे हैं। उन्होंने अपील की है कि पौध-रोपण के बाद वायुदूत एप पर पंजीयन कराकर फोटो अपलोड करें। अंकुर अभियान में अब तक 8 लाख 44 हजार 191 पंजीकृत लोगों ने 23 लाख 10 हजार 556 प्रथम फोटो, 2 लाख 67 हजार 138 द्वितीय और 36 हजार 723 तृतीय फोटो अपलोड की है। पौध-रोपण वेरीफिक्रेशन के लिये प्रदेश में 4 हजार 818 वेरीफायर्स की नियुक्ति की गई है। पंजीकृत प्रतिभागियों में 2 लाख 83 हजार 457 महिला और 5 लाख 58 हजार 51 पुरूष हैं। प्रतिभागियों द्वारा अब तक 2 लाख 66 हजार 570 प्रमाण-पत्र डाउनलोड किये जा चुके हैं। अभियान में सर्वाधिक 59 हजार शिवपुरी जिले में, 44 हजार इंदौर, 39 हजार दतिया, 35 हजार भोपाल, 33 हजार छिंदवाडा, 26 हजार अशोकनगर, 25 हजार ग्वालियर, 24 हजार गुना और नर्मदापुरम में 23 हजार पौध-रोपण किया जा चुका है। सर्वाधिक 4 लाख 60 हजार आम के पौधे, एक लाख 90 हजार नीम, एक लाख 4 हजार अशोक, एक लाख करंज, 90 हजार आवला, 80 हजार पीपल, 60-60 हजार शीशम-गुलमोहर, 40 हजार इमली और 30-30 हजार बेर-कचनार-सागौन और बरगद के पौधे लगाए जा चुके हैं। पाँच लाख 80 हजार मिश्रित पौधे हैं। इंदौर जिले में सर्वाधिक 2 लाख 40 हजार प्रथम फोटो अपलोड की गई हैं।

मां शेरावाली एवं राम दरबार के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन

जीवंत झांकियों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

कटनी,यशभारत। माधवनगर श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मां शेरा वाली एवं राम दरबार का दो दिवसीय कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रथम चरण में भव्य शोभायात्रा सजीव झांकियों के साथ निकली जो माधवनगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए 10.30 बजे मंदिर प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में मां शेरा वाली व राम दरबार की जीवंत झांकिया, शिव भोले, पार्वती जी, श्री कृष्ण राधा की जीवंत झॉकियों ने नगर वासियों का मनमोह लिया। दूसरे चरण में मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ पं. इन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। तृतीय चरण में मातारानी का विशाल भण्डारा मंदिर, गुरूद्वारे में प्रसाद, कन्या भोज, ब्राम्हण भोज उपरांत ठीक 12 बजे प्रारंभ हुआ। हजारों भक्तों, अनुयायियों ने प्रसाद ग्रहण किया। चौथे एवं अंतिम चरण में 26 जुलाई को विशाल भगवती जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जबलपुर से आए सुप्रसिद्ध देवीगीत गायक राजेश कपूर, नयन कपूर एवं उनके साथी कलाकारों ने मातारानी की एक से बढ़कर एक भेंट प्रस्तुत की। माता रानी को सरदार एम.जे.एस. लाम्बा एवं उनकी पत्नी सतवीर कौर ने चुनरी भेंट की। प्रातः 5 बजे मातृशक्ति की कथा के साथ प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दो दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में संस्था अध्यक्ष चमनलाल आनंद, सचिव विनय कोहली, कोषाध्यक्ष जसपाल अरोरा, उपाध्यक्ष धर्मपाल खुराना, गुरूचरण जग्गी, रॉकी खुराना, सुशील आनंद, श्रीकांत खुराना, राजेश धाम, बलदेव पसरीजा, उमेश अरोरा, सुशील खुराना, बागीश आनंद, अमृत पसरीजा, पवन खत्री, गुलशन वर्मा, दिनेश खुराना, मनीष आनंद, नीरज डोडानी, हनी पसरीजा, हरीश गांधी, महेश होतवानी, ईश्वर बहरानी पार्षद, राजेश धाम, मातृशक्ति श्रीमती शीला रानी खुराना, संतोष खुराना, श्रीमती कैलाश आनंद, ज्योति खत्री, नेहा डोडानी, रीता पसरीजा, श्रीमती राधा अरोरा, श्रीमती सोनिया एवं नगर की समाज सेवियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

जिला पंचायत का प्रथम सम्मेलन 8 अगस्त को

कटनी,यशभारत। जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन 8 अगस्त को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे ने बताया कि सम्मिलन में जिला पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों को शासन द्वारा प्रेषित सामूहिक रूप से शपथ दिलाई जाएगी।

हर घर तिरंगा अभियान में सभी विभाग करें सहयोग

समय सीमा की बैठक में सीईओ ने की लंबित पत्रों की समीक्षा

कटनी,यशभारत। हर घर तिरंगा अभियान और अंकुर अभियान व हरियाली महोत्सव में जिले के सभी विभाग मिलकर कार्य करें। अभियान में सरकारी विभागों के साथ सामाजिक संस्थाओं, समाजसेवी संस्थाओं को भी जोड़ें, ताकि शासन की मंशानुसार अभियान सफल हो सकें। यह निर्देश सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान दिए। सीईओ श्री गोमे ने जिले में हर घर तिरंगा अभियान व अंकुर अभियान, हरियाली महोत्सव को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही हरियाली महोत्सव अंतर्गत रोपे जा रहे पौधों के संबंध में भी जानकारी ली। श्री गोमे ने सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों की भी विभागवार समीक्षा की और जिन विभागों में लंबित शिकायतों की संख्या अधिक है, उनको समय सीमा में शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण ढंग से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्प लाइन के साथ ही सीएम हाउस, सीएम मॉनिट आदि की शिकायतों की समीक्षा भी की और आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ श्री गोमे ने बैठक में लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा की और प्रगति की जानकारी ली। साथ ही लंबित पत्रों का समय पर निराकरण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

तिरंगा अभियान को लेकर निकाली जागरूकता रैली

हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों व स्टॉफने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया और रैली के माध्यम से लोगों को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी में भी प्राचार्य रतिराम अहिरवार के निर्देशन में जन जागरूकता रैली का आयोजन ग्राम पंचायत नेगई में किया गया। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लक्ष्मी प्रसाद बागरी, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.अंकुर के साथ गांव में रैली निकालकर लोगों को घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।

शपथ के साथ अस्तित्व में आई नगर सरकार

बस स्टेंड आडीटोरियम में महापौर एवं पार्षदों ने ली शपथ, विकास का संकल्प

कटनी, यशभारत। नगर निगम की नई परिषद ने आज बस स्टेंड आडीटोरियम में आयोजित एक सादे समारोह में शपथ ली। सबसे पहले कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती प्रीती सूरी एवं इसके उपरांत सभी 45 वार्डों से चुनकर आए पार्षदों को 5-5 के समूह में पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने शहर के विकास का संकल्प लिया।

इसके पहले कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम के अधिकारियों ने मुख्य अतिथि विधायक संदीप जायसवाल, नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिथलेश जैन, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व निगमाध्यक्ष संतोष शुक्ला एवं अन्य मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके उपरांत शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मंच पर पूर्व महापौर श्रीमती रूकमणी बर्मन, श्रीमती आशा कोहली, पूर्व निगमाध्यक्ष डी डी बैनर्जी, सत्य नारायण अग्रहरि, लोकनाथ गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेन्द्र असाटी ने किया।

महापौर प्रीति सूरी को पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाते कलेक्टर प्रियंक मिश्रा।

हर दिन परीक्षा की घड़ी से गुजरना होगा : कलेक्टर

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि 6 जुलाई 1874 को नगर पालिका का गठन किया गया था। इस नई परिषद को अपने कार्यकाल के दौरान दो ऐतिहासिक अवसर मिल रहे हैं, जिसमे नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को गर्व की अनुभूति होगी, इसमे आजादी का अमृत महोत्सव एवं कटनी नगर के गठन के डेढ़ सौ साल पूरे होने का अवसर शामिल है। इस दौरान आने वाले 25 सालों को ध्यान में रखते हुए शहर हित में संकल्प लेकर कार्य करने का समय है। उन्होंने कहा कि अब आपको कसौटी पर उतारा जाएगा। जो वादे आप लोग करके आएं हैं। अब हर दिन आपको परीक्षा की घड़ी से गुजरना होगा। यही जनतंत्र की खूबसूरती है कि चाहे इलेक्ट होकर आए या सिलेक्ट होकर आए, सभी को जनतांत्रिक मूल्यों की कसौटी से होकर गुजरना होता है। कलेक्टर ने कहा कि आज मुझे सबसे ज्यादा खुशी हो रही है, क्योंकि आज प्रशासक के रूप में मेरा कार्यकाल समाप्त हो गया। करीब डेढ़ सालों तक प्रशासक के रूप में काम करने के दौरान मुझे लगता है कि नगर निगम का संचालन जनतांत्रिक व्यवस्थाओं से ही होना चाहिए, इसके लिए एक निर्वाचित संस्था आसीन होना चाहिए। कटनी में देश का अग्रणी शहर बनने के सभी गुण है। कलेक्टर ने महापौर सहित सभी 45 पार्षदों को स्वर्णिम कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक।

जनता की भावनाओं पर खरे उतरना होगा : महापौर

नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती प्रीत सूरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम जनता द्वारा चुनकर बहुत बड़ी जिम्मेदारी का हिस्सा बनने जा रहे हैं, इसमे जनता की अपेक्षाएं और भावनाएं सभी नवनिर्वावित जनप्रिनिधियों के साथ जुड़ी हुई हैं, जिस पर हमे पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपना काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित सभी 45 वार्डों के पार्षदों को में महापौर मानती हूं, क्योंकि आप सभी अपने-अपने वार्ड से जनता द्वारा चुनकर यहां पहुंचे हैं।

शपथ ग्रहण
03 अगस्त 20
निगम
5-5 के समूह में पार्षदों को शपथ दिलाई गई। शपथ लेते पार्षद मनीष पाठक, सुनीता चौधरी, अर्चना जायसवाल एवं दिव्यांग पार्षद सुशीला कोल।

नगर विकास के ध्येय को लेकर काम करे परिषद : विधायक

विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि इस बार का नगर निगम परिषद का कार्यकाल बड़ा रोचक होगा, क्योंकि बड़ी संख्या में नगर निगम एक्ट के जानकार एवं अनुभवी निर्वाचित होकर नगर निगम परिषद में पहुंचे हैं। सभी के पास नगर निगम के संचालन का अच्छा खासा अनुभव है, इससे अच्छो माहौल में अच्छी प्रतिस्पर्धा के साथ एकमात्र कटनी के विकास के ध्येय को लेकर परिषद काम करेगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम, नगर पालिक निगम अधिनियम से चलती है और अधिनियम में दलीय व्यवस्था जैसा कोई प्रावधान नहीं है। महापौर के साथ सभी 45 वार्डों के पार्षद शहर के हित में काम करेंगे। आम जनता के सबसे नजदीक संकट मोचक या सेवक पार्षद ही हैं। जनता को किसी भी समय जरूरत पड़ती है, उसे सबसे पहले अपना पार्षद नजर आता है, चाहे वह राशन कार्ड की समस्या हो या फिर अन्य समस्या। जीवन के किसी भी क्षेत्र में कोई भी समस्या हो, जनता सबसे पहले अपने पार्षद को याद करती है, इतनी महत्वपूर्ण जबावदारी पार्षद के पास है, अब उसमे खरे उतरने का समय है।

बिट्टू ने संस्कृत, तो प्रियंका ने सिंधी में ली शपथ

बी डी अग्रवाल वार्ड से निर्वाचित पार्षद मौसूफ अहमद बिट्टू ने संस्कृत और उनकी पत्नी गुरूनानक वार्ड से निर्वाचित पार्षद पी प्रियंका बिट्टू ने सिंधी भाषा में शपथ ली।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस,
बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

प्लाट बिकाऊ हैं
राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह
बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास
प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें. मो. 9993705740

बाधिन के हमले में युवक गंभीर

बाधवगढ़ बफरजोन से लगे खितौली के मिड़की गांव में घटना से दहशत में ग्रामीण

कटनी/बरही, यशभारत। बांधवगढ़ बफर जोन के खितौली क्षेत्र के ग्राम मिड़की में बाघिन ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। बाघिन के हमले से घायल युवक का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही में चल रहा है। घायल युवक के कमर में बाघिन ने पंजा मार कर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल युवक के साथियों ने शोर मचाया तो बाघिन जंगल की ओर चली गई, जिससे युवक की जान बच गई। घटना के सम्बंध में पीड़ित युवक ग्राम मिड़की निवासी 35 वर्षीय रामखिलावन पिता दुक्खू कोल ने बताया कि वह मंगलवार की दोपहर अपने साथियों के साथ पिहड़ी बीनने गया था, तभी झाड़ियों में छिपी बाघिन ने उस पर हमला कर दिया। साथियों के शोर मचाने पर बाघिन जंगल की ओर चली गई, जिससे उसकी जान तो बच गई लेकिन बाघिन के पंजे से उसके कमर में गंभीर चोट आई। लहूलुहान अवस्था मे घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी है। बाघ के हमले की खबर से मिड़की गांव में दहशत का माहौल है।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें
Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.®

JOHNSON MARBONITE
Get Floored with Marbonite Bestsellers

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां
कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

a Sainik Conduct Disciplined Degree College
Time : 10:30 to 12:30 Only
B.Ed. D.Pharma LL.B. BBA
SILICOBYTE सिलिकोबाइट
KDC Katni Degree College (Group of Education)
आधारकाप, नई बस्ती, कटनी. 9981435977

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

TAKSHSHILA
Group of Institutions, Jabalpur (M.P.)
World Class Infrastructure, Placement, Facilities, Industrial Exposure @ Affordable Fees
B.TECH. DIPLOMA
M.TECH. ITI
MBA
Facilities
LIBRARY
CANTEEN
MESS
HOSTEL
BUS SERVICE
SPORTS/NCC
ITI
Electrician
Fitter
Diesel Mechanic
NCVT मापदण्डों को पूर्ण करने वाला महाकोशल का एकमात्र ITI
Training Partners
Our Recruiters
Selections
MARUTI - 1627
LGT - 52
YAZAKI LTD. - 51
BRIDGSTONE - 21
PIAGGIO - 08
VOLVO EICHER - 40
KARBON - 12
HONDA - 08
KOBELCO - 18
Takshshila Hills, Sharda Mandir Road, Madan Mahal
Jabalpur - 482001 (M.P.) Tel. : 0761 - 2441352
Fax : 0761 - 2441353
E-mail : takshshila.engg@gmail.com
Website : www.takshshila.org
HELPLINE NUMBERS
B.Tech - 9301521452, 9300122531
M.Tech - 8959046170
ITI - 9300344385
Poly - 9713449268
MBA - 8602579181

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666
फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)